भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार



# जागरूक जनता

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ

चैत्र, पक्ष - शुक्ल, तिथि - नवमी, संवत 2081 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-10, अंक-8, | 17 अप्रैल - 23 अप्रैल, 2024 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- | पृष्ठ : 8

## 'हवन करते हाथ जले' कार्रवाई होनी थी ई-रिक्शा पर, हो गई आम आदमी की जेब पर!

**सटीक**



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**जयपुर** में पिछले दिनों इलेक्ट्रिक रिक्शा को लेकर पुलिस की कार्रवाई हुई। कार्रवाई भी क्यों हुई, क्योंकि अभी हाल ही में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनावों में जीत कर आए विधायक की पहल पर। इसे आप पहल कहें या शिकायत, मगर मतलब एक ही निकलता है। शहर में बेतरतीब खड़े और चलते हुए ई-रिक्शा को लेकर आम आदमी को परेशानी हो रही थी। ई-रिक्शा से जहां आम आदमी को यातायात की सुलभ और सस्ती सुविधा मिल रही थी, वहीं ये बिना नंबर और बेतरतीब झुंड के झुंड जहां देखो खड़े और बेतरतीब चलने के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा था। खैर, नवनियुक्त विधायक ने यूं तो चुनाव से पहले भी पुराने मंदिरों को जो असामाजिक तत्वों द्वारा या तो नष्ट कर दिए गए या फिर उन्हें जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंचा कर कचरे के नीचे दबा दिया गया था, उनके जीर्णोद्धार को लेकर एक मुहिम चलाई थी। हालांकि अब विधायक बनने के बाद उस मुहिम का क्या हुआ अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। मगर, विधायक सुर्खियों में तो आ ही गए। इसी प्रकार ई-रिक्शा को लेकर भी उन्होंने इनको नियंत्रित कर सलीके से नियमानुसार चलाने की बात कहकर अच्छी पहल की थी। ई-रिक्शा को लेकर जागरूक जनता समाचार पत्र ने रात को इनकी हैडलाइट नहीं जलाने की बात भी कही थी। समाचार-पत्रों में खबर आने और विधायक की आवाज उठने के बाद पुलिस प्रशासन ने ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया। उनके कागज, लाइसैंस आदि की जांच होने लगी। इसके जवाब में ई-रिक्शा यूनियन ने हड़ताल करदी जिसकी जानकारी प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को दी। ऐसे में न तो ई-रिक्शा कम हुए न उनकी बंद रहती हैड लाइट जली (हैड लाइट नहीं जलने से दुर्घटना होने की पूरी संभावना बनी रहती है)। जिस बात को लेकर आवाज बुलंद की गई वह तो टांय-टांय फिस्स हो गई, मगर ई-रिक्शा वालों ने किराया डबल कर दिया। उदाहरण के लिए ई-रिक्शा विद्याधर नगर से चांदपोल तक किराया 10 रुपए लेते थे, मगर प्रशासनिक कार्रवाई के बाद 10 की बजाए 20 रुपए कर दिए। अब ये भार आम आदमी पर रस्ते चलते ही पड़ गया। शहर जाना भी जरूरी और ई-रिक्शा में 10 के बजाए 20 रुपए देना भी मजबूरी बन गया। अब अंदाजा लगा लो, ऐसी मुहिम किस काम की। बेचारा बेबस यात्री। क्या करे। इससे तो यही साबित होता है कि ई-रिक्शा चालकों को किराया बढ़ाने का अवसर प्राप्त हो गया। और उस अवसर का उन्होंने फायदा उठा लिया। क्या कोई संबंधित अधिकारी या जन प्रतिनिधि बता सकता है कि अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के बाद ई-रिक्शा चालकों ने किराया क्यों बढ़ाया। इसे वापस किया जाना चाहिए।

Shivdayalmishra@gmail.com

## आज रामलला का सूर्य तिलक



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अयोध्या।** रामनवमी को लेकर नवनिर्मित राम मंदिर में कई आयोजन होंगे। सबसे खास होगा राम नवमी पर भगवान राम का 'सूर्य तिलक', भगवान राम के सूर्यतिलक पर, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस दिन रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों से तिलक किया जाएगा। सूर्य की किरणें दोपहर 12.16 बजे 5 मिनट के लिए भगवान के मस्तक पर आयेंगी, जिससे रामलला का सूर्य तिलक होगा।बीते दिनों रामनवमी के दिन रामलला के मस्तक पर होने वाले सूर्य की किरणों से तिलक का ट्रायल किया गया था। रिपोर्ट्स के मुकाबिक, 17 अप्रैल यानी रामनवमी के दिन रामलला के मस्तक पर होने वाला सूर्य तिलक 75मिली का गोलाकार तिलक होगा। इसके लिए कई उपरकण लगाए गए है जिसने माध्यम से रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणें पड़ेंगी। सूर्य की ये तेज किरणें 4 मिनट तक लगातार रामलला के मुखमंडल की आभा बढ़ाएंगी।

## CJI को 21 पूर्व जजों ने लिखी चिट्ठी

## न्यायपालिका के साख की चिंता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** चिट्ठी में न्यायपालिका की साख को लेकर चिंता जताते हुए पूर्व जजों ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक हितों और निजी फायदों के लिए न्यायपालिका में जनता का भरोसा तोडने़ की कोशिश कर रहे हैं। चिट्ठी पर सुप्रीम कोर्ट के चार और हाईकोर्ट के 17 पूर्व जजों के दस्तखत हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज दीपक वर्मा, कृष्णा मुरारी, दिनेश माहेश्वरी, एम.आर. शाह, राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व जज रघुवेंद्र सिंह राठौड़ और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व जज राकेश सक्सेना शामिल हैं।

चिट्ठी में कहा गया कि दबाव, भ्रामक जानकारियों और सार्वजनिक अपमान के जरिए न्यायपालिका की साख गिराने की कोशिशें की जा रही हैं। भ्रामक सूचनाएं और न्यायपालिका के खिलाफ कोशिशें न सिर्फ अनैतिक हैं, बल्कि लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के भी खिलाफ है। यह चिट्ठी ऐसे समय लिखी गई है, जब भ्रष्टाचार के मामलों में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच जुबानी जंग जारी है।

### न्याय व निष्पक्षता के सिद्धांतों को चुनौती

**पूर्व** जजों ने चिट्ठी में आलोचकों पर अदालतों और जजों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के इरादे से गलत तरीके अपनाए जा रहे हैं। चिट्ठी में कहा गया कि इस तरह की कोशिशें न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती हैं।






जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
JAGRUK CITY
जागरूक सिटी


# Restaurant Inauguration : श्री मोटूराम प्रसादम् रेस्टोरेंट की दूसरी इकाई हवाई अड्डे के पास प्रारंभ

# भारतीय संस्कृति की भोजन व्यवस्था पुनर्जीवित करेगा श्री मोटूराम प्रसादम्

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** हमारी संस्कृति के अनुरूप और भारतीय भोजन के अलग-अलग डिश परोसने वाले श्री मोटूराम प्रसादम की जयपुर में दूसरी ईकाई का शुभारंभ आज एयरपोर्ट टर्मिनल के पास आदिनाथ नगर विस्तार की सिद्धार्थ नगर में आज होगा। रेस्टोरेंट के संचालक शेफ अभिषेक शर्मा और अजित शर्मा ने ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि श्री मोटूराम प्रसादम् एक प्रतिष्ठित पारिवारिक रेस्टोरेंट है। यहां बिल्कुल शुद्ध एवं भारतीय परंपरा के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जाती है। यहां परिवार के साथ भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

इससे पूर्व सचिवालय के पास प्रथम इकाई का शुभारंभ 2018 में रामनवमी के दिन शर्मा परिवार द्वारा किया गया था। करीब डेढ़ वर्ष के अध्ययन के बाद मोटूराम रेस्टोरेंट में भारत के तीन हजार वर्ष पुरानी खान पान की व्यवस्थाओं एवं सभ्यता को पुनर्जीवित कर आगंतुकों के समक्ष प्रस्तुत किया है। यहां पर किसी मंदिर के प्रांगण की तरह हमेशा मंत्रोचारण होता है। भिन्न मंदिरों के भिन्न भगवान की तस्वीरों से रेस्टोरेंट को सजा रखा है। मोटूराम में सनातन धर्म के पंच तत्व, पृथ्वी, जल, आकाश, गगन व वायु को ध्यान में रखते हुए शुद्धता के साथ भोजन बनाया जाता है। जो खाने में बहुत ही स्वादिष्ट और रुचिकर होता है। यहां भोजन बहुत ही फ्रेंडली और अपनत्व के साथ परोसा जाता है। इस रेस्टोरेंट में पत्तल-दोने में भोजन सर्व करने की व्यवस्था है। इस रेस्टोरेंट में 25 से भी ज्यादा प्रकार की थालियां प्रस्तुत हैं- जिनमें श्रीनाथ भोग, महावीर भोग (जैन) गोविन्द भोग, वेंकटेश्वर भोग, अय्यपन भोग, महा प्रसादम् प्रमुख हैं। इस रेस्टोरेंट में जयपुरवासी ही नहीं अपितु विदेशी पर्यटक भी भारत भोजन का आनन्त लेते हैं। यहां कई प्रसिद्ध हस्तियां भी भोजन का आनंद ले चुकी हैं। श्री मोटूराम प्रसादम् अभी जयपुर सचिवालय सी-स्कीम में स्थित है। इसकी प्रसिद्धता को देखते हुए इसका भव्य आउटलेट जयपुर एयरकपोर्ट पर आ रहा है। जिसकी सिटिंग क्षमता 200 के लगभग होगी।





### भोजन की 25 थालियाँ

**सरमन** भोग, श्री महाप्रसादम्, श्री श्रीनाथ भोग, नानक भोग, श्री गोविन्दम भोग, वेगन भोग, दाल-बाटी भोग, श्री वेंकटेश्वर भोग, मारवाड़ी भोग, जोधपुरी थाली, बीकानेर थाली, भोजपुरी थाली, फलहारी भोग इत्यादि। यहां 25 से भी अधिक प्रकार की थालियां है।

### एक थाली में पूरा परिवार

**अजीत** शर्मा का कहना है कि प्रसादम् में ऐसी व्यवस्था की गई है कि यहां आने वाले परिवार के लिए इतनी बड़ी थाली सर्व की जाएगी की एक ही थाली में पूरा परिवार भोजन कर सके।

### पारिवारिक वातावरण, मधुर संगीत

**श्री** मोटूराम प्रसादम की एयरपोर्ट टर्मिनल-2 के पास दूसरी इकाई इतनी मनभावना जगह पर है कि यहां आप परिवार के साथ भोजन कर सकते हैं। यहां का वातावरण शांत एवं मधुर संगीतमय है।

### पत्तल-दोने में भोजन

**शेफ** अभिषेक शर्मा का कहना है कि आज के मॉडर्न टाइम में हम अपने ट्रेडिशनल लुक को भूल रहे हैं। ऐसे में हमारे यहां श्री मोटूराम प्रसादम पर भोजन ट्रेडिशनल लुक में ही परोसा जाएगा। जिसमें पत्तल, दोने, केले के पत्ते इत्यादि शामिल है।

# Ram Mahotsav : तीर्थ स्थल गलता धाम में नव दिवसीय महोत्सव की हवन से की जाएगी पूर्णाहुति

# भगवान का होगा दिव्य तिरुमंजन अभिषेक



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि गलताजी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में रामनवमी महोत्सव मनाया जाएगा। गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि उत्तर तोदाद्रि गलताजी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में चैत्र नवरात्र के 9वें दिन 17 अप्रैल को श्री गलता पीठ में पूर्णश्रद्धा और भव्यता के साथ रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन श्रीराम लला के चतुर्भुज विग्रह की गलता पीठ से श्रीनिवास के बालाजी तक विधि-विधान से शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री निवास के बालाजी में भगवान की आरती की जाएगी। इसके बाद शोभायात्रा पुनः गलता पीठ पहुंचेगी।

गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म का 21 तोपों की गर्जनाओं के साथ संदेश दिया जाएगा। इसके बाद गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य एवं युवराज स्वामी राघवेन्द्र द्वारा श्री गलता में विराजमान भगवान श्रीराम के अतिप्राचीन एवं दिव्य विग्रहों का विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फलों, फलों के रसों, पंचामृत, सर्व औषधि, पंचमेवों, समस्त द्रव्यों, सहस्त्रधारा, शंख-चक्र आदि से तिरुमंजन अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान की सामूहिक महाआरती की जाएगी। तदोपरांत गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज श्री गलता में विराजमान सभी विग्रहों की आरती करेंगे।

### कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक पेज पर

जयपुर के प्रख्यात भजन गायकों एवं कलाकारों द्वारा भगवान के मुखोल्लास के लिए प्रस्तुतियां दी जाएगी। श्री राम जन्मोत्सव का श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ सीधा प्रसारण श्री गलता पीठ के फेसबुक पेज पर किया जाएगा। इसके पश्चात नौ दिन तक चलने वाले सामुहिक नवाह्नपारायण पाठ का नवां पारायण कर पूर्णाहुति हवन होगा।

# Parivaha Vibhag : नई व्यवस्था मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों के अनुसार नहीं-मंत्रालय

**राजस्थान हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर, 6 हफ्ते में मांगा जवाब**

# ई-लाइसेंस और ई-आरसी नियम विरुद्ध

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में परिवहन विभाग की ओर से एक अप्रेल से शुरू की गई ई-लाइसेंस और ई-आरसी व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने नई व्यवस्था को मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों के विरूद्ध माना है, वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के विपरीत ई-लाइसेंस और ई आरसी व्यवस्था लागू करने को लेकर राजस्थान हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। इस पर प्रसंज्ञान लेते हुए हाइकोर्ट ने परिवहन विभाग से छह सप्ताह में जवाब मांगा है। परिवहन मंत्रालय ने राजस्थान मुख्य सचिव और आयुक्त परिवहन विभाग के नाम एक पत्र लिखा है। मंत्रालय ने मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया है कि आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड के रूप में फिजिकली ही जारी किए जाएं। मंत्रालय ने इस संबंध में विभाग से जवाब भी मांगा है।




### ड्राइविंग लाइसेंस के ये एक्ट में ये नियम

**मंत्रालय** ने पत्र में कहा है कि केंद्रीय मोटर वाहन नियम 16(1) में ड्राइविंग लाइसेंस के नियम स्पष्ट हैं। नियम 16 के 1 में बताया है कि फॉर्म 7 के प्रारूप के अनुसार प्रत्येक ड्राइविंग लाइसेंस बिना चिप वाले लेमिनेटेड कार्ड या फिर स्मार्ट कार्ड के रूप में जारी किया जाना अनिवार्य है। स्मार्ट कार्ड के मापदंड केंद्रीय मोटर वाहन नियम अनुच्छेद 11 के अनुसार ही होने चाहिए।

### आरसी जारी करने के ये नियम

**पत्र** में बताया है कि केंद्रीय मोटर वाहन नियम 81 के नोट 2 में पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) के नियम स्पष्ट हैं। इसमें कहा है कि आरसी बिना चिप वाले लेमिनेटेड कार्ड या स्मार्ट कार्ड के रूप में दिए जाने हैं। आरसी नियम 48 के तहत फॉर्म 23 ए के प्रारूप के अनुसार ही जारी किया जाता है। इसके स्मार्ट कार्ड के मापदंड भी केंद्रीय मोटर वाहन नियम अनुच्छेद 11 के अनुसार होंगे।

### कांग्रेस सरकार में भी लागू नहीं हुई थी योजना

कांग्रेस सरकार में भी ई-लाइसेंस और ई-आरसी व्यवस्था को लागू करने की कवायद हुई थी लेकिन मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों को देखते हुए इसे लागू नहीं किया गया। भाजपा सरकार आने के बाद विभाग ने इस योजना को बजट घोषणा में शामिल करा लागू कर दिया।

**विभा**ग ई-लाइसेंस और ई-आरसी के अलावा ई-मित्रों से भी स्मार्ट कार्ड बनवाने की सुविधा दे रहे हैं। मंत्रालय की ओर से क्या आपत्तियां आ रही हैं, यह देखकर ही बता पाऊंगी।

**श्रेया गुहा,** एसीएस परिवहन विभाग

**ई-लाइसेंस-आरसी** व्यवस्था मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार गलत है। मंत्रालय ने पत्र भी आपत्ति जताई है। आरसी और डीएल स्मार्ट कार्ड के रूप में फिजिकल देना अनिवार्य है।

**डॉ. कमल सोही,** सदस्य, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद, भारत सरकार

### ई मित्र केन्द्रों से जारी करना इसीलिए गलत

परिवहन विभाग ई-मित्र के जरिए स्मार्ट कार्ड की सुविधा दे रहा है लेकिन इसमें भी मोटर व्हीकल एक्ट की अवहेलना की जा रही है। एक्ट के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस फॉर्म 7 और आरसी फॉर्म 23 ए के प्रारूप के अनुसार ही जारी किए जा सकते हैं। यानी लाइसेंस और आरसी के स्मार्ट कार्ड का प्रारूप कैसा होगा, यह एक्ट में बताया है। कार्ड की डिजाइन क्या होगी, अक्षर कैसे होंगे, कार्ड की साइज किस तरह से होगी, यह स्पष्ट किया है। जबकि ई-मित्र मनमर्जी से छापकर ई-लाइसेंस और ई-आरसी दे रहे हैं। दूसरी ओर मंत्रालय ने लाइसेंस के फॉर्म 6 और आरसी के फॉर्म 23 को समाप्त कर दिया है, इसके तहत अब लाइसेंस और आरसी पेपर प्रिंट पर नहीं दिए जा सकते। जबकि परिवहन विभाग कियोस्क और ई-मित्रों के जरिए लाइसेंस और आरसी का प्रिंट पेपर पर देने की सुविधा दे रहा है।



**पूज्य श्री सिंधी पंचायत मंदिर मुरलीपुरा में काटा केक**

# लालचंद साधवानी का मनाया जन्म दिन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अमेरिका में रह रहे अप्रवासी भारतीय लालचंद साधवानी का जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुरलीपुरा स्कीम स्थित पूज्य श्री सिंधी पंचायत मंदिर में आयोजित जन्म दिन कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्य एवं अन्य समाजसेवी शामिल हुए। 14 अप्रेल को शाम 6 बजे लालचंद साधवानी को अमेरिका से सीधे ऑनलाइन जुड़कर उपस्थित सभी लोगों ने जन्म दिन की शुभकामनाएं दीं। लालचंद साधवानी ने सबका अभिवादन स्वीकार करते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में संस्था अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी ने अन्य आगंतुकों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर केक काटा और सबको केक के साथ नाश्ता कराया। इस अवसर पर कन्हैयालाल, शशि हरिरामानी, समाजसेवी नगेन्द्र वशिष्ठ, भवानी सिंह व शिवदयाल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

# स्कूलों की मनमानी पर लगे रोक : केन्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नए शिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न प्राइवेट स्कूलों द्वारा कॉपी-किताब और यूनीफॉर्म पर मनमानी कीमत वसूली जा रही है। अग्रणी उपभोक्ता संस्था केन्स के अध्यक्ष और उपभोक्ता संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन के नेशनल चेयरमैन डॉ. अनन्त शर्मा ने राज्य सरकार से इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कुछ जगह तो कॉपी-किताबों और यूनीफॉर्म पर एमआरपी भी अंकित नहीं है जो पूरी तरह से उपभोक्ता कानून का उल्लंघन है और अभिभावक व विद्यार्थी इस अनुचित व्यापारिक व्यवहार के लिए उपभोक्ता आयोग में कार्यवाही कर सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी उपभोक्ता स्कूलों की इस अनुचित रवैये से परेशान है तो वह केन्स के 21, गंगवाल पार्क, जयपुर स्थित उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रकोष्ठ में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

### जागरूकता, आत्मीयता, सरलता और गंभीरता



**जयपुर @ जागरूक जनता।** हवामहल विधायक हाथोज धाम सरकार श्री बालमुकुन्द आचार्य जी महाराज ने जागरूकता, आत्मीयता, सरलता और गंभीरता के पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जयपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में जनसंपर्क के दौरान जयसिंहपुर खोर में एक व्यक्ति से मुलाकात के दौरान कुछ ऐसा ही आभास हुआ। गौरतलब है कि लोकसभा के आमचुनाव के तहत जयपुर में 19 अप्रैल को प्रथम चरण के मतदान होंगे।

# चुनाव के तहत सूखा दिवस घोषित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में घोषित कार्यक्रम के अनुसार वित्त (आबकारी) विभाग के द्वारा 19 मार्च को जारी आदेशों की अनुपालना में जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 4 जून को सूखा दिवस घोषित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन विधानसभा क्षेत्रों के मतदान क्षेत्रों के बाहर के सीमावर्ती 3 किलोमीटर परिधि क्षेत्र में 17 अप्रैल सांय 6 बजे से 19 अप्रैल को सांय 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा।




ANCHOR सीयूईटी 2024

# साढ़े 13 लाख आवेदन, परीक्षा 15 मई से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** सीयूईटी यूजी 2024 के लिए आवेदन तथा करेक्शन विंडो की सम्पूर्ण प्रक्रिया 8 अप्रैल को समाप्त हो गई। सीयूईटी यूजी 2024 में साढ़े तेरह लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इस वर्ष की परीक्षाएं 15 मई से 31 मई के मध्य आयोजित की जाएंगी। एजुकेशन एक्सपर्ट व काउंसलर कमलसिंह चौहान ने बताया कि इस वर्ष रजिस्ट्रेशन करने वाले विद्यार्थियों में तकरीबन 10 फीसदी की कमी आई है। पिछले वर्ष रजिस्टर्ड विद्यार्थियों की संख्या करीब 14 लाख 99 हजार थी, जो की इस वर्ष 13,47,618 रह गई। इस वर्ष प्रति विद्यार्थी विषयों के चुनाव का आंकड़ा बढ़ा है। गत वर्ष 2.3 विषय प्रति विद्यार्थी चुना गया था, जो कि इस वर्ष 4.3 विषय प्रति विद्यार्थी है। संख्या में बात करें तो पिछले वर्ष 28 लाख विषयों का चुनाव हुआ था, जो कि इस वर्ष बढ़कर 57.6 लाख हो गया है। इस वर्ष प्रति विद्यार्थी विषयों के चुनाव को 10 से घटाकर 6 कर दिया था।

गत वर्ष रजिस्टर्ड कुल विद्यार्थियों में से 8.03 लाख पुरुष, 6.96 लाख महिला व 16 तीसरे जेंडर के अभ्यर्थी थे, जबकि इस वर्ष 7.17 लाख पुरुष, 6.30 लाख महिला व 7 तीसरे जेंडर के अभर्थियों ने आवेदन किया है। इस वर्ष अब तक कुल 262 यूनिवर्सिटीज सीयूईटी के पोर्टल पर रजिस्टर्ड हो चुकी हैं, जो कि पिछले वर्ष से 12 अधिक है। इस वर्ष की परीक्षाएं 15 मई से 31 मई के मध्य आयोजित की जाएंगी।

### कांवटिया अस्पताल प्रसव प्रकरण: प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित

# सीनियर रेजीडेंट का निलंबन निरस्त

## मल्टीपल ड्यूटी रोस्टर से पैदा हुई थी असमंजस की स्थिति...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा शिक्षा विभाग ने हरिबक्श कांवटिया अस्पताल प्रसव प्रकरण में सीनियर रेजीडेंट डॉ. सुषमा का निलंबन निरस्त किया है। साथ ही ड्यूटी रोस्टर में गफलत के कारण डॉ. सुषमा के निलंबन को लेकर उत्पन्न हुई स्थिति तथा पूरे प्रकरण की पुनः जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

उल्लेखनीय है कि हरिबक्श कांवटिया अस्पताल में एक महिला का 3 अप्रेल, 2024 को अस्पताल परिसर में प्रसव हो गया था। इस प्रकरण की जांच में प्रथम दृष्टया सीनियर रेजीडेंट डॉ. सुषमा को भी दोषी मानते हुए निलंबित किया गया था। बाद में डॉ. सुषमा ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर बताया कि ड्यूटी रोस्टर के अनुसार उनकी फ्लोर ड्यूटी प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक थी और यह प्रकरण 3 अप्रेल को शाम करीब 6.30 बजे घटित हुआ। उस समय डॉ. सुषमा ऑन कॉल ड्यूटी पर थी और जूनियर डॉक्टर द्वारा सूचित करने पर अस्पताल पहुंच गई थी।

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक मेडिकल कॉलेज, जयपुर की रिपोर्ट में डॉ. सुषमा को प्रकरण घटित होने के समय फ्लोर ड्यूटी पर अनुपस्थित होना बताया गया। डॉ.



सुषमा के अभ्यावेदन पर पुनः जांच में पाया गया कि वह घटना के समय ऑनकॉल ड्यूटी पर थी और सूचना मिलने पर अस्पताल में उपस्थित भी हो गई थी।

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक मेडिकल कॉलेज जयपुर की पुनः जांच के बाद प्रेषित रिपोर्ट में इस स्थिति से अवगत करवाया गया। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डॉ. सुषमा का निलंबन वापस लेने के आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही ड्यूटी रोस्टर को लेकर पैदा हुई असमंजस की स्थिति तथा पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए नई कमेटी का गठन किया है।

अतिरिक्त मिशन निदेशक, एनएचएम, अरूण गर्ग की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में उप निदेशक चिकित्सा शिक्षा खेमाराम यादव, महिला चिकित्सालय जयपुर की वरिष्ठ आचार्य डॉ. आशा वर्मा एवं डॉ. ज्योत्सना व्यास तथा जनाना अस्पताल की आचार्य डॉ. अदिति बंसल सदस्य होंगे। यह कमेटी 7 दिन में प्रकरण में जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# जयपुर के 3 स्थानों से रवाना होंगे मतदान दल

### लोकसभा चुनाव

**जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दौसा एवं सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए 18 अप्रैल को दो पारियों में रवाना होंगे मतदान दल**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के लिए सीकर रोड़ स्थित भवानी निकेतन छात्र कॉलेज, जमवारामगढ़ रोड स्थित जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय एवं जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज से 18 अप्रैल 2024 को दो पारियों में कुल 4 हजार 213 मतदान दलों की रवानगी होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 85 एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 128 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। पहली पारी के दल प्रातः 7 से 10 बजे तक एवं द्वितीय पारी के मतदान दल दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक रवाना होंगे। दौसा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बस्सी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मतदान दल द्वितीय पारी में जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मतदान दल राजस्थान कॉलेज से प्रथम पारी में रवाना होंगे। सीकर लोकसभा क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मतदान दल प्रथम पारी में भवानी निकेतन छात्र कॉलेज से रवाना होंगे।

### यह रहेगी मतदान दल रवानगी व्यवस्था

निकेतन कॉलेज से प्रथम पारी में चौमूं, फुलेरा, झोटवाड़ा के मतदान दल एवं द्वितीय पारी में आमेर, विद्याधर नगर, सिविल लाइन्स के मतदान दल रवाना होंगे। वहीं, जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय से प्रथम पारी में कोटपूतली, शाहपुरा, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल एवं द्वितीय पारी में जमवारामगढ़, हवामहल, बस्सी विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल रवाना होंगे। राजस्थान कॉलेज से प्रथम पारी में बगरू, किशनपोल एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल एवं द्वितीय पारी में सांगानेर, आदर्श नगर एवं मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल रवाना होंगे। अजमेर लोकसभा क्षेत्र में समाहित दूदू विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए मतदान दल गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024 को सुबह 7 बजे भवानी निकेतन छात्र कॉलेज से रवाना होंगे।

### राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में होगा ईवीएम संग्रहण

**उन्होंने** बताया कि 19 अप्रैल 2024 को मतदान के पश्चात जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट का संग्रहण किया जाएगा। कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में सामहित फुलेरा, शाहपुरा, झोटवाड़ा, आमेर, कोटपूतली, विराटनगर, जमवारागढ़, बानसूर विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम सामग्री का संग्रहण किया जाएगा। वहीं, राजस्थान कॉलेज में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बगरू, सांगानेर, विद्याधर नगर, किशनपोल, आदर्श नगर, सिविल लाइन्स, मालवीय नगर, हवामहल विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम का संग्रहण किया जाएगा।

## राजस्थान हाईकोर्ट: रोज 25 से ज्यादा फैसले सुनाए, देशभर में मिला दूसरा स्थान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड ने हाल ही न्यायाधीशों के फैसले लंबे समय तक रिजर्व रखने पर सवाल उठाया, वहीं राजस्थान हाईकोर्ट में हर न्यायाधीश ने रोजाना औसतन 25 से ज्यादा फैसले सुनाए। प्रति न्यायाधीश फैसलों के औसत में राजस्थान हाईकोर्ट ओडिशा के बाद देश में दूसरा स्थान पर है। राजस्थान हाईकोर्ट ने पिछले साल 1,71,730 प्रकरणों का निस्तारण किया। राजस्थान हाईकोर्ट में पिछले साल हर न्यायाधीश ने 5366 से अधिक फैसले सुनाए। सालाना निस्तारण में प्रति जज के औसत के हिसाब से राजस्थान हाईकोर्ट जहां ओडिशा से करीब 250 पीछे है, वही मद्रास हाईकोर्ट से करीब 250 आगे हैं। राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के प्रकरण निस्तारण की रफ्तार तेज होने के बावजूद यहां 6,59,934 मुकदमे लंबित हैं। न्यायाधीश के 50 पद हैं, जिनमें 18 खाली हैं। ये पद भरे होते तो लंबित मुकदमों की संख्या 96,588 और कम होती।

### 3 हाईकोर्ट में सालाना औसत 5 हजार पार

**ओडिशा,** राजस्थान व मद्रास हाईकोर्ट ही ऐसे हैं, जहां प्रति न्यायाधीश फैसलों का सालाना औसत 5 हजार से ऊपर। प्रति न्यायाधीश फैसलों के औसत में राजस्थान से वे सभी हाईकोर्ट पीछे हैं, जिनमें न्यायाधीशों की संख्या काफी अधिक है। देश में सबसे अधिक न्यायाधीशों वाला इलाहाबाद और उसके बाद न्यायाधीशों की संख्या में देश में दूसरे नंबर पर आने वाला बॉम्बे हाईकोर्ट भी शामिल है। मद्रास हाईकोर्ट भी इसमें राजस्थान से पीछे है। इसके अलावा 12 हाईकोर्ट ऐसे हैं, जहां प्रति न्यायाधीश फैसलों का सालाना औसत दो हजार से भी कम हैं। पांच हाईकोर्ट तो ऐसे हैं, जहां यह औसत एक हजार से भी कम है।

### राजस्थान में ऐसे भी रहे उदाहरण

राजस्थान में प्रकरणों को सुनवाई के बाद फैसले के लिए सुरक्षित रखने की परंपरा कम ही रही। इनमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे गणपत सिंह भंडारी जैसे न्यायिक अधिकारी और न्यायाधीश भी शामिल हैं, जिन्होंने फैसला चाहे जितना लंबा हो पूरा अदालत में ही लिखाया। भंडारी बताते हैं कि वे तो कई बार रात 12 बजे तक भी फैसला लिखाते थे और तब तक वकील भी कोर्ट में मौजूद रहते थे।

### नगर निगम क्षेत्र मतदान केन्द्र

## पहले 50 मतदाताओं को मिलेंगे पुरस्कार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य हासिल करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय जयपुर द्वारा नित नए नवाचार किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन कार्यालय ने एक और नवाचार किया है। जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र में मतदान केन्द्रों पर मतदान करने वाले पहले 50 मतदाताओं को आकर्षक उपहार से सम्मानित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए नगर निगम हैरिटेज एवं नगर निगम जयपुर ग्रेटर में स्थित सभी विस क्षेत्रों के समस्त 2,166 बूथों पर मतदान दिवस पर पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को स्क्रैच कार्ड दिया जाएगा। कार्ड को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित पुरस्कार प्रदान कर मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम हैरिटेज एवं नगर निगम जयपुर ग्रेटर क्षेत्र में समाहित आमेर विस क्षेत्र में 34, हवामहल विस क्षेत्र में 240, विद्याधर नगर विस क्षेत्र में 326, सिविल लाइन्स विस क्षेत्र में 221, किशनपोल विस क्षेत्र में 170, आदर्श नगर विस क्षेत्र में 220, मालवीय नगर विस क्षेत्र में 187, सांगानेर विस क्षेत्र में 341, बगरू विस क्षेत्र में 201 एवं झोटवाड़ा विस क्षेत्र में 226 मतदान केन्द्रों पर मतदान करने वाले पहले 50 मतदाताओं को स्क्रैच कार्ड पर अंकित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए दल का गठन

**19 अप्रैल को निजी एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के श्रमिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर जिले में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को 18 विधानसभा क्षेत्रों (दूदू विधानसभा के अतिरिक्त) में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसमें निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस पद सवैतनिक अवकाश भी शामिल है। इन सभी संस्थाओं में सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए दल का गठन भी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतदान दिवस पर कामगारों को सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए दल का गठन किया है। दल में श्रम निरीक्षक सपना चुग (मो-8239815237), श्रम निरीक्षक भारती भिण्डा (मो-7790836942) एवं श्रम निरीक्षक अंकिता महर्षि (मो-7976614153) शामिल है। उन्होंने बताया कि ये दल 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से मतदान समाप्ति तक कार्यालय में उपस्थित रहकर संस्थानों से सवैतनिक अवकाश के आदेश की पालना सुनिश्चित करवाएंगे। साथ ही, इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

## एसीएस होम ने ली गृह रक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनन्द कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को गृह रक्षा निदेशालय के कांफ्रेंस हॉल में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी तथा विभाग से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महानिदेशक एवं महासमादेष्टा राजेश निर्वाण, उप महा महासमादेष्टा प्रथम, निदेशक केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, उप महासमादेष्टा द्वितीय, संयुक्त शासन सचिव गृह ग्रुप-7 विभाग एवं अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह द्वारा विभागीय कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान गृह रक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों के अलग अलग बिंदुओं की जानकारी हासिल कर फीडबैक लिया। विभाग की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह ने लोकसभा चुनाव के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये।






**ANCHOR** प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट

# 2050 तक भारत में होंगे दुनिया के सबसे ज्यादा हिंदू और मुस्लिम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** दुनियाभर की धार्मिक आबादी में तेजी से बदलाव हो रहा है। एक रिसर्च के मुताबिक, अमेरिका में हर साल 20,000 लोग इस्लाम अपना लेते हैं। वहीं, अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर के 2015 में किए गए एक शोध में पाया गया है कि साल 2050 तक दुनिया में धार्मिक आबादी में बहुत ज्यादा तेज बदलाव होगा। शोध में ईसाई, इस्लाम समेत हिंदू धर्म को भी रखा गया था। शोध के जरिये ये समझने की कोशिश की गई कि 2050 तक किस देश में कौन-सी धार्मिक आबादी सबसे ज्यादा होगी।

शोध में पाया गया कि साल 2050 में हिंदू धर्म को मानने वालों की आबादी पूरी दुनिया की जनसंख्या की 15 फीसदी पर पहुंच सकती है। तब तक भारत में सबसे बड़ी धार्मिक आबादी हिंदू धर्म को मानने वालों की ही होगी। अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक भारत में हिंदू आबादी एक अरब 29 करोड़ 70 लाख तक पहुंच जाएगी। अभी भारत में हिंदू धर्म के अनुयायियों की आबादी सबसे ज्यादा है। भारत में कुल जनसंख्या के 79 फीसदी से ज्यादा हिंदू ही हैं। हिंदू आबादी के मामले में भारत के बाद दूसरे नंबर पर नेपाल है। शोध के समय नेपाल में हिंदुओं की आबादी 3.812 करोड़ थी।



### दो पड़ोसी देशों में हिंदुओं की बड़ी आबादी

**जनगणना** 2011 में नेपाल में करीब 81.3 फीसदी हिंदू थे। बता दें कि 2006 से पहले तक नेपाल हिंदू राष्ट्र था। फिर नेपाल ने खुद को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया। हालांकि, अब नेपाल से धर्म परिवर्तन की खबरें खूब आती हैं। वहीं, बांग्लादेश दुनिया का तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा हिंदू हैं। बांग्लादेश में 2011 की जनगणना बताती है कि वहां हिंदू आबादी कुल जनसंख्या की 8.96 फीसदी है। मौजूदा समय में आबादी के मामले में भारत और नेपाल के बाद बांग्लादेश दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा हिंदू आबादी वाला देश है।

### अमेरिका में भी बढ़गी हिंदुओं की आबादी

**बंटवारे** के बाद अलग हुए पाक में करीब 56.30 लाख हिंदू हैं। इस आधार पर पाकिस्तान चौथा देश है, जहां सबसे ज्यादा हिंदू आबादी है। हालांकि, पाकिस्तान से जबरन धर्म परिवर्तन की खबरें सामने आती रहती हैं। ऐसे में पाकिस्तान में हिंदुओं का भविष्य खतरे में ही नजर आता है। शोध के मुताबिक, सबसे ज्यादा हिंदू आबादी वाले देशों के मामले में अमेरिका 5वें नंबर पर हो सकता है। अनुमान है कि 2050 में अमेरिका में 47.8 लाख हिंदू होंगे। प्यू रिसर्च सेंटर ने 'रिलिजियस लैंडस्केप स्टडी' के तहत ये औसत निकाला था। रिसर्च के समय यानी 2015 में अमेरिका में हिंदू आबादी 22.3 लाख हो चुकी थी।

### मुस्लिम बढ़ेंगे और ईसाई आबादी होगी कम

**शोध** के अनुमान के मुताबिक, 2050 तक इंडोनेशिया सबसे ज्यादा हिंदू के मामले में 8ठे नंबर पर पहुंच जाएगा। इंडोनेशिया में तब हिंदू आबादी 41.5 लाख हो सकती है। इसके बाद श्रीलंका, मलेशिया, ब्रिटेन और कनाडा में हिंदुओं की आबादी सबसे ज्यादा हो सकती है। अनुमान है कि इन देशों में हिंदू आबादी 10 से 40 लाख के बीच ही रह सकती है। शोध रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले कुछ दशक में दुनियाभर में ईसाई धर्म को मानने वाली आबादी कम होगी। वहीं, मुस्लिम आबादी दुनियाभर में तेजी से बढ़ेगी। ऐसे में दुनिया में पहली बार ईसाई और मुस्लिम धर्म को मानने वालों की आबादी करीब-करीब बराबर हो जाएगी।

### भारत-नेपाल के अलावा यहां आधे हिंदू

**अफ्रीकी** देश मॉरिशस की आधी आबादी हिंदू है। यहां ईसाई धर्म दूसरे और मुस्लिम समुदाय तीसरे नंबर पर है। यहां के ज्यादातर लोग भारतीय मूल के हैं। भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम यानी 1857 के समय मॉरिशस पर अंग्रेजों का अधिकार था। उन्होंने बंधुआ मजदूर के तौर पर बड़ी तादाद में भारतीयों को खेती कराने के लिए मॉरिशस भेजा। इनमें से ज्यादातर भारतीय बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भेजे गए थे। इस देश की कुल आबादी 12.7 लाख है। कुल आबादी में करीब 70 फीसदी भारतीय मूल के हैं। हिंदुओं के बाद करीब 30 फीसदी ईसाई और 17 फीसदी मुस्लिम हैं।



## सम्पादकीय

# हर संपत्ति का ब्योरा जरूरी नहीं!

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि उम्मीदवारों को अपनी हर चल संपत्ति का खुलासा करने की जरूरत नहीं है। केवल उन संपत्तियों का खुलासा करना होगा जो उनकी सार्वजनिक छवि या जीवनशैली को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं और मतदाता की पसंद पर असर डालती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में असम, नगालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को पलटते हुए व्यवस्था दी कि चुनाव में किसी प्रत्याशी के लिए अपनी हरेक चल संपत्ति का ब्योरा देना जरूरी नहीं है। फैसला इस लिहाज से खास है कि इसमें मतदाताओं के साथ-साथ प्रत्याशी के अधिकार का भी ध्यान रखने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा यह इस बात की ओर भी ध्यान खींचता है कि शब्दों पर जरूरत से ज्यादा बल देना कभी-कभी अनजाने ही कानून को निरर्थकता की ओर ले जाने लगता है।

चुनाव सुधारों की बात करते हुए अमूमन मतदाताओं के जानने के अधिकार पर ज्यादा जोर रहता है। इस फैसले ने ध्यान दिलाया है कि प्रत्याशी भी इस देश के नागरिक हैं। ऐसे में मतदाताओं के सूचित होने के अधिकार को समुचित महत्व देते हुए भी प्रत्याशियों के निजता के अधिकार की ओर से पूरी तरह आंखें मूंद लेना ठीक नहीं होगा।

**चुनाव सुधारों की बात करते हुए अमूमन मतदाताओं के जानने के अधिकार पर ज्यादा जोर रहता है। इस फैसले ने ध्यान दिलाया है कि प्रत्याशी भी इस देश के नागरिक हैं। ऐसे में मतदाताओं के सूचित होने के अधिकार को समुचित महत्व देते हुए भी प्रत्याशियों के निजता के अधिकार की ओर से पूरी तरह आंखें मूंद लेना ठीक नहीं होगा।**

ध्यान रहे, जिस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है उसमें प्रत्याशी पर तीन वाहनों की जानकारी न देने और सरकारी आवास से जुड़े नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने का आरोप था। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिया कि तीनों वाहन भले ही कागज पर प्रत्याशी के परिजनों के नाम पर हों, लेकिन वे पहले ही बेचे या गिफ्ट किए जा चुके थे। ऐसे ही इस तथ्य को लेकर कोई विवाद नहीं था कि प्रत्याशी पर किसी तरह का बकाया नहीं था, बस नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने की बात थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इसे प्रत्याशी का निर्वाचन रद्द करने का आधार नहीं माना जा सकता। फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में कोई एक लकीर नहीं खींची जा सकती कि कौन सी चल संपत्ति ब्योरा देने लायक है और कौन सी नहीं। हर केस के हिसाब से गौर किया जाना चाहिए। किसी प्रत्याशी के परिजनों की सामान्य घड़ी का ब्योरा देना अनावश्यक हो सकता है, लेकिन अगर किसी के परिवार में बेहद महंगी कई सारी घड़ियां हों तो उसका ब्योरा छिपाया जाना अपराध हो सकता है। यहां इस सवाल से नहीं बचा जा सकता कि क्या इस फैसले से आगे ऐसे मामलों में अलग-अलग व्याख्याओं की गुंजाइश बन गई है, जिसका दुरुपयोग हो सकता है। क्या इसका फायदा उठाते हुए आगे चलकर कुछ प्रत्याशी ऐसी भी सूचनाएं छुपा सकते हैं, जो चुनाव और वोटर के लिहाज से अहम हों? जाहिर है इस संभावना को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने इस अहम कानून की सार्थकता बढ़ाने और इसे प्रासंगिक बनाए रखने का काम किया है।

**जो साधक राम की पूजा में ज्यादा समय नहीं दे सकते उन्हें भक्ति भाव से राम की महिमा का बखान करने वाले स्रोतों का पाठ करना चाहिए। स्रोत और कवच की यह खासियत है कि इनका पाठ करने में ज्यादा समय नहीं लगता, ज्यादा साधन भी खर्च नहीं करने होते और आराध की उपासना भी हो जाती है।**

# राम का नाम : सभी दुखों का नाशक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



नगेन्द्र वशिष्ठ
पत्रकार
@jagrukjanta.net



मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के उपासना अनमोल निधि है यह योग वेदांत और सभी शास्त्रों का सार है। पुराणों, उपनिषदों और स्मृतियों में इसकी महिमा का बखान किया गया है। राम की उपासना करने वाले भक्तों के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है। वह चारों पुरुषार्थ को आसानी से सुलभ कर सकता है। राम की उपासना सहज है इस नाम की महिमा के बारे में ऋषि जनों ने इतना कहा और लिखा है ,कि इसे समझने में विद्वानों को कई जन्म लग सकते हैं। कन्याकुमारी से कश्मीर तक और आसाम से गुजरात तक हर हिंदू किसी ना किसी रूप में राम का पूजन करता है। सूर्यवंशी राम महा विष्णु के अवतार थे। त्रेता युग में तामसी शक्तियों के विनाश हेतु उन्होंने अवतार लिया था। वे समाज में सतोगुण के प्रसार के लिए महाराजा दशरथ के जेष्ठ पुत्र के रूप में दुनिया में जन्म लिए, और अपने प्रगट होने का प्रयोजन पूरा करने के बाद उन्होंने सरयू के पवित्र जल में समाहित हो कर अपनी लीला समेट ली थी।

**श्री राम जी की उपासना जिन मंत्रों से की जा सकती है उनमें कम से कम पचास अति प्रसिद्ध हैं। विष्णु और नारायण की उपासना का सबसे सहज रूप यह है कि आप राम भक्ति में लीन हो जाएं। इन तीनों देव शक्तियों की उपासना में कोई अंतर नहीं है। राम का नाम सहज है, सरल है और इसे हमेशा हर दशा में जपने से आपके सभी अभीष्ट काम पुरे होते रहते हैं।**

श्री राम जी की उपासना जिन मंत्रों से की जा सकती है उनमें कम से कम पचास अति प्रसिद्ध हैं। विष्णु और नारायण की उपासना का सबसे सहज रूप यह है कि आप राम भक्ति में लीन हो जाएं। इन तीनों देव शक्तियों की उपासना में कोई अंतर नहीं है। राम का नाम सहज है, सरल है और इसे हमेशा हर दशा में जपने से आपके सभी अभीष्ट काम पुरे होते रहते हैं। राम नाम अग्नि ( र ), अनंत (अ ), और इंदु ( म ) का सहयोग है। इन अक्षरों में "रा"बीज बनता है। इसके बाद रामाय नमः पद जोड़ने से छह अक्षरों वाला मंत्र ---"रा रामय नमः"बनता है। विद्वानों ने कहा है कि यह मंत्र साधना की सभी कामनाएं पूरी करता है। यह एक ऐसे रत्न के समान है जिससे साधक की सारी इच्छाएं पूरी होती है। यह भक्तों के लिए कामधेनु और कल्पतरु के समान है। इस मंत्र की साधना बहुत आसान है। सवेरे उठकर भगवान विष्णु का ध्यान करें। "ओम नमो नारायणाय नमः"मंत्र का जाप करें स्मरण करें। यह आठ अक्षरों वाला विष्णु मंत्र साधक का तन मन पवित्र करता है।

भगवान श्रीराम का एक अमोघ मंत्र है--"हूं जानकी वल्लभाय स्वाहा"! इस मंत्र में भगवान के साथ जगदंबा सीता की शक्ति का स्मरण किया गया है। शक्ति के बिना साधना पूरी नहीं होती। इसलिए इस मंत्र को बहुत प्रभावशाली माना जाता है। इस मंत्र के जनक ऋषि वशिष्ठ हैं। इसका छंद विराट है। इसके देवता भगवान राम हैं। इसका बीज "हूं" और इसकी शक्ति "स्वाहा" है। पूजन के उपरांत भगवान श्रीराम का ध्यान इस प्रकार करना चाहिए--"मनोहर अयोध्या नगरी में रत्नों से जुड़ा हुआ एक सुंदर मंडप है। इस मंडप में मदार के फूल खिले हुए हैं ! इसके चारों ओर सुंदर तोरण हैं। इसमें एक सिहासन रखा हुआ है। सिहासन पर फूल बिछे हुए हैं। उस पर भगवान श्री राम विराजमान हैं। उनके चारों ओर दिव्यमानों पर विराजमान राक्षस, वानर, देवता और मुनि उनकी वंदना कर रहे हैं। उनके बाएं ओर जगत माता सीता विराजमान हैं। प्रभु लक्ष्मण उनकी सेवा कर रहे हैं। भगवान राम श्याम वर्ण हैं। उनका दिव्य शरीर आभूषणों से शोभायमान है। वे प्रसन्न मुख मंडल से भक्तों को निहार रहे हैं। इस तरह ध्यान करने के साथ ही इस स्तुति का पाठ भी करना चाहिए।

*""अयोध्या नगर रम्ये रत्न सौंदर्य*
*मंडपे मंदार पुष्प बध्द वितान*
*तोरणानिवते सिहासन समारूढ़*
*पुष्प कोटी रघुवंम् !!*
*रक्षोभिहरि मिदैवैं दिव्यम यान गतैः*
*शुभः!!*
*संहयूय मानं मुनिभिः सर्वज्ञैः परि*
*शोभितमं।*
*सीतालंकृत वामांग लक्ष्मणेनोप से*
*वितम।*
*श्यामं प्रसन्ना वदनम सर्वाभरण*
*भूषितमं ।।""*

भगवान राम अखंड ब्रह्मा के रूप हैं। उनकी उपासना योगी जन इसी रूप में करते हैं। उनका सगुण रूप भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करता है। जो साधक उनकी पूजा में ज्यादा समय नहीं दे सकते उन्हें भक्ति भाव से राम की महिमा का बखान करने वाले स्रोतों का पाठ करना चाहिए। स्रोत और कवच की यह खासियत है कि इनका पाठ करने में ज्यादा समय नहीं लगता, ज्यादा साधन भी खर्च नहीं करने होते और आराध की उपासना भी हो जाती है। इनका पाठ करने में सिर्फ भक्तों के मन की एकाग्रता चाहिए। जो फल मंत्र ,जप ,यज्ञ और बड़े पैमाने पर पूजन का हो सकता है। वैसा ही लाभ स्रोतों और कोचों के पाठ से भी हो जाता है। भगवान राम की उपासना का एक अचूक तरीका है राम रक्षा स्त्रोत का पाठ। वज्र पंजर कवच के नाम से भी यह स्रोत प्रसिद्ध है। दरअसल दोनों में ज्यादा अंतर नहीं है। दोनों के ऋषि बुध कौशिक हैं । दोनों का छंद गायत्री है । यह कहा भी गया है कि-

रामरक्षां पठेत प्राज्ञः पापहनीं सर्व काम दामा यशवत पापों का नाश करने वाला और सभी मनोकामना को पूरा करने वाला माना जाता है। राम रक्षा स्त्रोत का पाठ ध्यान के बाद एकाग्र अभाव से करना चाहिए। पाठ के समय साधक को कोई दूसरा विचार मन में नहीं लाना चाहिए पूर्णविराम उसे तन मन से प्रभु राम के प्रति समर्पित हो जाना चाहिए।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# क्या भारतीय मतदाता विचारधारा विहीन है

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. रामावतार शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

अधिकतर पश्चिमी और एशियन विचारकों का मानना है कि भारत के मतदाता बिना किसी विचारधारा के भावनाओं में बह कर मत करते हैं। क्या वास्तविकता में इन लोगों की राय सत्य के आसपास है? ये लोग ऐसा भी मानते हैं कि भारतीय मतदाता किसी एक व्यक्ति को अति विलक्षण तथा देवता तुल्य मान कर उसे जिता देते हैं और बिना किसी विचार के मतदान करते हैं। क्या यह कहना उचित होगा कि भारतीय मतदाता बिना किसी कारण और सिद्धांत के अंधभक्त हो कर मतदान करते हैं? इन सब प्रश्नों का जवाब प्रथम दृष्टि में तो हां लगता है पर शायद है नहीं। माना कि भारत में एम जी रामाचंद्रन, जे जयललिता, जवाहर लाल नेहरु, एन टी रामाराव, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी जैसे बड़े कद के नेता हुए हैं पर इन सब का महज अंधानुकरण किया गया हो यह बात पूर्ण सत्य नहीं है। हालांकि इन सब नेताओं को वृहद जन समर्थन मिला है परंतु बांग्लादेश स्वतंत्रता युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी को छोड़ कर कोई भी नेता विपक्ष के गढ़ में मत प्रतिशत को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा नहीं पाया है।

चूंकि भारत विश्व का सर्वाधिक विविधता वाला राष्ट्र है तो उपरोक्त सवालों और विचारधारा पर आधारित मतदान की विवेचना एक जटिल कार्य है और एक स्पष्ट उत्तर नहीं मिल सकता है। मोटे तौर पर देखा जाय तो भारत के मतदाताओं का अंदाजन 20-22 प्रतिशत हिस्सा देश की आजादी के समय से ही दक्षिणपंथी विचारधारा से जुड़ा रहा है जिसको प्रारंभ में स्वतंत्र पार्टी, जनसंघ तथा कुछ अन्य स्थानीय दल या व्यक्तियों ने पोषित किया था जो आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी ( बीजेपी ) के रूप में विकसित हुई। यह विचारधारा एक गरमपंथी तथा हिन्दू प्रभुत्व वाली विचारधारा है जिसमें समय के साथ कई चरमपंथी लोग विकसित हो चले हैं क्योंकि इस रास्ते से सत्ता के करीब आना आसान हो जाता है। राजनीति परंतु विचित्र गठजोड़ पैदा कर सकती है। इंदिरा के आपातकाल के दौरान समाजवादी और हिंदूवादी एक साथ आ गए थे और आगे चलकर विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार के समर्थन में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी तथा उस समय के बीजेपी के सारे स्तंभ एक साथ खड़े थे। आज भी कोई चालीस प्रतिशत बीजेपी कांग्रेस से आए नेता लोगों से बनी हुई है और कई धुर दक्षिणपंथी बीजेपी से कांग्रेस में आते हैं और मौका मिलते ही फिर घर वापसी कर मालाएं पहनते दिखाई देते हैं। यह अदला बदली नेताओं तक ही सीमित दिखती है क्योंकि वोटर अपनी विचारधारा के प्रति तकरीबन दृढ़ता से जुड़ा हुआ दिखता है।

राहुल गांधी या अन्य कांग्रेस नेता चाहे बड़ा शिव भक्त होने का दावा करे या जनेऊ धारण कर तश्वीरें प्रचारित करे, दक्षिणपंथी वोटर्स कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। न उनके बुजुर्गों ने ऐसा किया है और न युवा भी ऐसा करते नजर आ रहे है। अपनी इस दोहरी नीति से कांग्रेस अल्पमत और दलित मतदाताओं पर भी अपना आधार कमजोर करती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम एक मजबूत संगठन खड़ा कर पाई इसलिए बीजेपी अजेय नजर आती है परंतु मतदान प्रतिशत में पहले से कोई बहुत ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है। इस टीम की विशेषता अपने मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाना है और ऐसी स्थिति पैदा करना है जिसमें हिंदू प्रभुत्व में विश्वास रखनेवाला मतदाता यदि मतदान करेगा तो बीजेपी को ही करेगा वरना अनुपस्थित रहेगा परंतु वह कभी भी कांग्रेस या केंद्र से वाम की तरफ झुकाव वाले व्यक्ति को मतदान नहीं करेगा।

भारत में दो राजनीतिक विचारधारा नजर आती हैं। बीजेपी स्वतंत्र व्यापार, हिंदू वर्चस्व, सवर्ण नियंत्रित और अर्ध निरंकुश सरकार की तरफ झुकी नजर आ रही है। दूसरी तरफ केंद्र से कुछ वाम की तरफ झुकी हुई कांग्रेस , समाजवादी पार्टी आदि हैं। दक्षिण में तमिलनाडु की अपनी पूर्णतः अलग राजनीति है तथा आम आदमी पार्टी, शिव सेना, एनसीपी जैसे दल व्यक्तिगत संगठन हैं। यहां कांग्रेस व्यापार पर राज्य का अधिक नियंत्रण चाहती है जिसका दुष्परिणाम देखा गया है। सरकार के नियंत्रण से बाहर आते ही भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग और बैंक ब्लू चिप हो चले हैं। हाल ही में चल रहे संसदीय चुनाव एक बड़ा महत्व रखते हैं जहां पता चलेगा कि अगले कुछ दशकों का भारत चरम दक्षिणपंथी होगा या फिर कोई मध्यम मार्ग विकसित होगा।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# दक्षिण एशिया में गंभीर होता वायु प्रदूषण



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**पाकिस्तान** के पेशावर में 25 वर्षीय स्कूल शिक्षिका नोरेन हर दिन स्कूल जाते समय प्रदूषित सड़कों पर गाड़ी चलाती है और महीन धूल में सांस लेने के कारण बीमार हो जाती है। नोरेन का कहना है कि मेरे दैनिक आवागमन के दौरान वायु प्रदूषण और धूल से मेरी हालत खराब हो जाती है। इससे मेरी आंखों पर भी असर पड़ता है, जिससे मेरी काम करने की क्षमता में बाधा आती है। वहीं भारत के बिहार के बेगूसराय की 80 वर्षीय कवयित्री मुकुल लाल इल्तिजा को उच्च प्रदूषण स्तर के कारण सांस लेने में गंभीर समस्या और फेफड़ों की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते उन्हें शहर के बाहरी इलाके में अपने पैतृक घर में स्थानांतरित होना पड़ा। स्विस संगठन आईक्यूएयर की नवीनतम रिपोर्ट बताती है कि 2023 में बेगूसराय दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना है। इसके प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देशों से करीब 23 गुना अधिक है।

असल में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर के कारण भारत और पाकिस्तान में महिलाएं श्वसन एवं हृदय संबंधी समस्याओं, कैंसर और अन्य बीमारियों से जूझ रही हैं। हालांकि वायु प्रदूषण सभी को प्रभावित करता है। डॉक्टरों का कहना है कि महिलाओं को इससे कुछ अनोखी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, हाल के शोध में वायु प्रदूषण से महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले अधिक पाए गए हैं। वहीं लकड़ी वाले चूल्हे पर खाना पकाने जैसी गतिविधियां महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाती हैं। पेशावर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुहम्मद शहजाद कहते हैं कि घर के अंदर वायु प्रदूषण सिर्फ खाना पकाने से नहीं, बल्कि हीटिंग और लाइट से भी होता है। यह वनों की कटाई और शहरीकरण से काफी हद तक बढ़ गया है। वहीं महिलाएं अपनी शारीरिक संरचना, बच्चे पैदा करने, संतुलित आहार न लेने, रसोई में अधिक समय बिताने और आर्थिक रूप से स्वतंत्र न होने से वायु प्रदूषण से अधिक प्रभावित होती हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि पिछले दो दशकों में वायु प्रदूषण वैश्विक संकट बन गया है, खासकर दक्षिण एशियाई देशों में इसका प्रभाव गहरा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान देने वाला प्रमुख पर्यावरणीय कारक है, जिससे दुनिया भर में सालाना सात से नौ मिलियन मौतें होती हैं। वहीं शिकागो विश्वविद्यालय के प्रो. माइकल ग्रीनस्टोन ने कहा कि वायु प्रदूषण से प्रभावित वैश्विक आबादी का तीन-चौथाई छह देशों में रहता है, जो बांग्लादेश, पाकिस्तान, भारत, चीन, नाइजीरिया और इंडोनेशिया हैं। मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाहरी खतरा होने के बावजूद एचआईवी-एड्स, मलेरिया और टीबी के लिए सालाना आवंटित पर्याप्त धनराशि की तुलना में वैश्विक वायु गुणवत्ता बुनियादी ढांचे में निवेश बहुत कम है। इसे बढ़ाने पर सभी प्रमुख संगठनों को विचार करना चाहिए।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



अशुभ से शुभ में आना लौकिक धर्म है और शुद्ध में आना अलौकिक धर्म है। जो अज्ञान से मुक्ति दिलाकर मुक्ति में ले जाए जो ईश्वर दर्शन कराए वह शुद्ध धर्म है। जो निर्विवाद है वह धर्म है। लक्ष्मी पुण्यशालियों को मिलती है। दूसरों पर उपकार करें। दूसरों का भला करें, मन, वचन, काया, दूसरों के लिए खर्च करें इससे पुण्य बढ़ता है। जहां कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता, मानवता और निष्पक्षता होती है वहां लक्ष्मी रहती है, जहां तिरस्कार व निंदा है वहां लक्ष्मी नहीं रहती। जहां आत्म धर्म रूपी गेहूं की मुख्य पैदाईश करेंगे, वहां सुख-सुविधाएं पैसे रूपी घास तो मुफ्त में मिलेंगी। लक्ष्मी का स्वभाव कैसा है कि यदि वह अच्छे कर्मों में, दान में या जगत कल्याण खर्च हो तो अपार रूप में बढ़ती है। जहां भगवान हैं वहां लक्ष्मी जी तो होंगी ही। जहां भेदभाव नहीं है वहीं भगवान हैं। भगवान के भजन से लक्ष्मीजी हमारे ऊपर खुश रहेंगी। विषय किसे कहते हैं? जिस-जिस बात में मन प्रफुल्लित होता है वे विषय हैं। मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार जिसमें भी तनम्याकार होते हैं, वे विषय हैं। मन स्थूल है। मन भटकता है। चित्त सूक्ष्म है, वह कहीं से भी आर-पास निकल जाता है। बुद्धि का कार्य है निर्णय लेना। अनिर्णित विचारों का नाम मन और निर्णित विचारों का नाम बुद्धि और जैसा है वैसा ही दिखे वह चित्त और मैंने किया यह अहंकार है। **क्रमशः**

## रामनवमी विशेष

# जीवन जीने की उत्तम शिक्षा देने वाला ग्रन्थ है रामायण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कई सौ वर्षों की प्रतीक्षा के बाद की गई। इस शुभ अवसर पर श्रीराम तत्व अन्य दिनों की तुलना में अधिक सक्रिय रहा। इस श्रीराम तत्व का लाभ सभी राम भक्तों ने लिया और भक्ति भाव से रामलला के आगमन का स्वागत किया। अनेक भक्तों ने पूरे दिन 'श्री राम जय राम जय जय राम" का जाप किया। कई रामभक्तों ने श्रीराम जी के प्रति भाव प्रकट करने के लिए श्रीराम तत्त्व की रंगोली बनाई, घर सजाए, दीप जलाए, राम भजन गाए, स्तोत्र पठन किए तथा श्री राम जी के गुणगान किए। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद यह प्रथम रामनवमी है। इस रामनवमी पर भगवान श्रीराम साक्षात् इस धरा पर विराजमान हैं ऐसा भाव रखकर और उनकी शरण जाकर उनका गुणगान कर और 'श्री राम जय राम जय जय राम" का जाप कर श्रीराम तत्त्व का 1000 गुना अधिक लाभ ले सकते हैं। रामायण जीवन जीने की सबसे उत्तम शिक्षा देती है-भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास हुआ तो उनकी पत्नी सीता ने भी सहर्ष वनवास स्वीकार कर लिया । परंतु बचपन से ही बडे भाई की सेवा में रहने वाले लक्ष्मण कैसे राम जी से दूर हो जाते! माता सुमित्रा से तो उन्होंने आज्ञा ले ली थी, वन जाने की.. परंतु पत्नी उर्मिला के कक्ष की ओर बढते हुए दुविधा में थे। सोच रहे थे कि मां ने तो आज्ञा दे दी, परंतु उर्मिला को कैसे समझाऊंगा! क्या कहूंगा! यहीं सोच-विचार करते हुए जब अपने कक्ष में पहुंचे तो देखा कि उर्मिला आरती का थाल लेकर खडी थीं। वे बोलीं, "आप मेरी चिंता छोड, प्रभु की सेवा में वन जाओ। मैं आपको नहीं रोकूंगी। मेरे कारण आपकी सेवा में कोई बाधा न आए, इसलिए साथ जाने की जिद्द भी नहीं करूंगी।"



सी.पी. शर्मा
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net




लक्ष्मणजी को कहने में संकोच हो रहा था। परंतु उनके कुछ कहने से पहले ही उर्मिला ने उन्हें संकोच से बाहर निकाल दिया। वास्तव में यही पत्नी-धर्म है। पति संकोच में पडे, उससे पहले ही पत्नी उसके मन की बात जानकर उसे संकोच से निकाल दे! लक्ष्मण जी चले गये परंतु 14 वर्ष तक उर्मिला ने एक तपस्विनी की भांति कठोर तप किया। वन में भैया-भाभी की सेवा में लक्ष्मण जी कभी सोये नहीं, परंतु उर्मिला ने भी अपने महल के द्वार कभी बंद नहीं किए और सारी रात जाग-जागकर उस दीपक की लौ को बुझने नहीं दिया। मेघनाथ से युद्ध करते हुए जब लक्ष्मण को शक्ति लग जाती है और हनुमान जी उनके लिये संजीवनी बूटी सहित द्रोण गिरी पर्वत लेकर लौट रहे थे, तब मार्ग में अयोध्या पडी और नंदीग्राम में भरत ने उन्हें राक्षस समझकर बाण मार दिया। हनुमान गिर जाते हैं। तब हनुमान संपूर्ण वृत्तांत सुनाते हैं कि सीता जी को रावण ले गया और लक्ष्मण मूर्छित हैं। यह सुनते ही कौशल्या जी कहती हैं कि राम को कहना कि लक्ष्मण के बिना अयोध्या में पैर भी मत रखना। राम वन में ही रहे। माता सुमित्रा कहती हैं कि राम से कहना कि कोई बात नहीं। अभी शत्रुघ्न है । मैं उसे भेज दूंगी । मेरे दोनों पुत्र राम सेवा के लिए ही तो जन्मे हैं । माताओं का प्रेम देखकर हनुमान की आखों से अश्रुधारा बह रही थी। उन्होंने उर्मिला की ओर देखा, तो सोचने लगे कि यह इतनी शांत और प्रसन्न कैसे हैं ? क्या इन्हें अपनी पति के प्राणों की कोई चिंता नहीं?

हनुमान पूछते हैं-देवी! आपकी प्रसन्नता का कारण क्या है? आपके पति के प्राण संकट में हैं। सूर्य उदित होते ही सूर्य कुल का दीपक बुझ जाएगा। इस पर उर्मिला का उत्तर सुनकर तीनों लोकों का कोई भी प्राणी उनकी वंदना किए बिना नहीं रह पाएगा। वे बोलीं-"मेरा दीपक संकट में नहीं है, वह बुझ ही नहीं सकता। रही सूर्योदय की बात तो आप चाहें तो कुछ दिन अयोध्या में विश्राम कर लीजिए, कारण आपके वहां पहुंचे बिना सूर्य उदित हो ही नहीं सकता। आपने कहा कि प्रभु श्रीराम मेरे पति को अपनी गोद में लेकर बैठे हैं। जो योगेश्वर राम की गोद में लेटा हो, काल उसे छू भी नहीं सकता। यह तो वे दोनों लीला कर रहे हैं। मेरे पति जब से वनवास गए, तब से सोये नहीं हैं। उन्होंने न सोने का पण लिया था । इसलिए वे थोडी देर विश्राम कर रहे हैं, और जब भगवान् की गोद मिल गई है तो थोडा अधिक विश्राम हो गया। वे उठ जाएंगे और शक्ति मेरे पति को लगी ही नहीं है। शक्ति तो रामजी को लगी है। मेरे पति की हर श्वास में राम हैं, हर धडकन में राम, उनके रोम-रोम में राम हैं, उनके लहु की बूंद-बूंद में राम हैं, और जब उनके शरीर और आत्मा में केवल राम ही हैं, तो शक्ति रामजी को ही लगी, वेदना रामजी को हो रही है। इसलिए हे हनुमान, आप निश्चिंत होकर जाएं । सूर्य उदित नहीं होगा।"

रामराज्य की नींव जनक की बेटियां ही थीं, कभी सीता तो कभी उर्मिला। भगवान राम ने तो केवल रामराज्य का कलश स्थापित किया, परंतु वास्तव में रामराज्य इन सबके प्रेम, त्याग, समर्पण और बलिदान से ही आया। अखंड भारत की स्थापना - भगवान श्रीराम ने ही सर्वप्रथम भारत की सभी जातियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान किया था । एक भारत का निर्माण कर, उन्होंने सभी भारतीयों के साथ मिलकर अखंड भारत की स्थापना की थी। भारतीय राज्य तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश, केरल, कर्नाटक सहित नेपाल, लाओस, कंपूचिया, मलेशिया, कंबोडिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका, बाली, जावा, सुमात्रा और थाईलैंड आदि देशों की लोक-संस्कृति व ग्रंथों में आज भी राम इसीलिए पूजनीय माने जाते है।

जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



गौरवी डॉटर प्रतिभा-चेतेन्द्र मिश्रा, जयपुर

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 17/04/2024

**सूर्योदय** : 06:04 **सूर्यास्त** : 18:48 **चन्द्रोदय** : 13:14 **चन्द्रास्त** : 02:26 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना** : चैत्र **पूर्णिमांत** : चैत्र **सूर्य राशि** : मेष **चन्द्र राशि** : कर्क **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : नवमी, 15:17 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **चन्द्रमास चैत्र** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2081 पिङ्गल **चैत्र** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : आश्लेषा, 31:53 तक
**योग** : शुला, 23:49 तक
**प्रथम करण** : कौवाला, 15:17 तक
**द्वितिय करण** : तैतिल, 28:22 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:02 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:22 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:39 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:04 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:18 पी एम से |
| अमृत काल | 09:06 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:00 ए एम, जून 9 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 04:31 ए एम, जून 9 से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : शुक्र
कुंभी चक्र: दक्षिण

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:03 - 07:39 | उद्वेग : 18:47 - 20:12 |
| अमृत | : 07:39 - 09:14 | शुभ : 20:12 - 21:36 |
| काल काल वेला | : 09:14 - 10:50 | अमृत : 21:36 - 23:00 |
| शुभ | : 10:50 - 12:25 | चर : 23:00 - 00:25 |
| रोग वार वेला | : 12:25 - 14:01 | रोग : 00:25 - 01:49 |
| उद्वेग | : 14:01 - 15:36 | काल : 01:49 - 03:14 |
| चर | : 15:36 - 17:12 | लाभ : 03:14 - 04:38 |
| लाभ | : 17:12 - 18:47 | उद्वेग : 04:38 - 06:02 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज नवमी

### आज कौन सा कार्य करें

नवमी रिक्ता तिथि हैं। इनमें कोई भी मांगलिक व कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

चैत्र, शुक्ल, नवमी, 2081 बुधवार, 17 अप्रैल - 23 अप्रैल, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

## # Rajasthan Sarkar : नई ट्रांसफर पॉलिसी बनाएगी भजनलाल सरकार

# 3 साल से पहले नहीं होंगे तबादले, 2 साल ग्रामीण इलाके में नौकरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में नई सरकार बनने के कुछ दिन बाद पीएम मोदी जयपुर आए थे। तब भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में उन्होंने विधायकों से कहा कि वे तबादलों के चक्कर में नहीं पड़ें। सरकार किसी भी पार्टी की हो, कर्मचारियों को सरकार की ओर से बनाई गई योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना ही पड़ता है। जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए, कर्मचारी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। पीएम मोदी की इस नसीहत के बाद करीब डेढ़ महीने तक राजस्थान में ट्रांसफर नहीं हुए। बाद में सभी विभागों में तबादले हुए। अब राज्य सरकार एक ट्रांसफर पॉलिसी बनाने जा रही है। इस पॉलिसी में ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं, जिससे बार-बार ट्रांसफर का झंझट ही खत्म हो जाए।



### राज्य सरकार सभी विभागों से मांगे हैं सुझाव

**राज्य** सरकार की ओर से सभी विभागों के लिए एसओपी जारी की गई है। इस एसओपी पर विभाग के प्रमुख अपने अधिकारियों से चर्चा करेंगे। चर्चा के बाद अपने सुझाव देकर वापस सरकार को भेजेंगे। सभी विभागाध्यक्षों की ओर से सुझाव आने के बाद राज्य सरकार उन पर विचार करेगी और फिर इस पॉलिसी को लागू करेगी। नई तैयार की जाने वाली पॉलिसी में ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं, जिससे ट्रांसफर विवाद खत्म हो सके।

### 3 साल से पहले नहीं हो सकेंगे ट्रांसफर, 2 साल ग्रामीण इलाके में नौकरी

**नई** ट्रांसफर पॉलिसी में केंद्र सरकार की तर्ज पर ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं कि 3 साल से पहले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का ट्रांसफर नहीं किया जा सकेगा। विशेष प्रकरणों को छोड़कर सामान्य तौर पर राज्य सरकार ट्रांसफर नहीं करेगी। सभी सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को कम से कम 2 साल तक ग्रामीण इलाकों में नौकरी करनी होगी। ऐसा प्रावधान भी जोड़ा जा रहा है।

### विवादों से छुटकारा चाहती है सरकार

**विधायकों** और अन्य जनप्रतिनिधियों की सिफारिश पर होने वाले हजारों ट्रांसफर के बाद कई बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई अधिकारी सरकार की ओर से किए गए ट्रांसफर को कोर्ट में चुनौती देते हैं। कई प्रकरणों में कोर्ट तबादलों पर कोर्ट स्टे दे देता है या कई बार निरस्त भी कर देता है। इससे सरकार की किरकिरी होती है। विवादित तबादलों से जनप्रतिनिधियों और अफसरों के बीच टकराव की स्थिति भी बनती है। ऐसे प्रपंचों से बचने के लिए सरकार नई पॉलिसी लाने की तैयारी कर रही है।

---

## # Badlta Bihad : नबच्चों को अच्छी शिक्षा और अफसर बनाने की चाहत

# हथियार छोड़ खेतों में पसीना बहा रहे दस्यु

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**धौलपुर।** चंबल का धौलपुर जिला अब बीहड़, बागी, बंदूक की बजाय अच्छी शिक्षा और अफसर बनने की चाहत की ओर से अग्रसर है। पूर्वी राजस्थान का यह जिला चंबल के बीहड़ और डांग क्षेत्र में नामी दस्युओं की दहशत के लिए सुर्खियों में रहा है, लेकिन बदलते दौर के साथ कुछ दस्युओं ने हथियार छोड़ दिए। अब सजा काटकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कुछ खेती या अन्य काम धंधे करके जीवन बसर कर रहे हैं।

### अंगुलियों पर गिनने भर के रह गए दस्यु

ऐसा नहीं कि चंबल के बीहड़ से दस्युओं का सफाया हो गया हो, लेकिन अब इनकी संख्या अंगुलियों पर गिनने भर की रह गई है। पहले जो दस्यु थे, वे बीहड़ व डांग तक सीमित थे, लेकिन अब बदमाश हैं, जो डकैती, लूट, अपहरण जैसी संगीन वारदातों में शामिल हैं।



### 10 से 50 हजार के इनाम घोषित हैं बदमाशों पर

**बता** दें कि चंबल के बीहड़ों में अब भी कई इनामी हैं। जिला पुलिस की सूची में फरार चल रहे धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का पर एडीजी (क्राइम) जयपुर से गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है। वर्तमान में जिले में 59 इनामी बदमाश फरार चल रहे हैं। इसमें निजामपुर के वीरू उर्फ वीरेन्द्र पर राजस्थान से 25 और एडीजी चंबल रेंज से 30 हजार रुपए इनाम घोषित है। इसी तरह दस्यु राजवीर पर 25 हजार, शंकर व रामसहाय पर 25-25 हजार, बैद्यनाथ पर 25 राजस्थान और 10 हजार का इनाम भोपाल आइजी से घोषित है। इसी तरह दस्यु धारा पर जिला पुलिस से 25 हजार और एसपी भरतपुर से 3 हजार रुपए और रॉबिन पर 25 हजार रुपए का इनाम है।

### औतारी बोले, हर वक्त रहता था पुलिस की गोली का डर

साल 2004 करौली में तत्कालीन एसपी प्रेमसिंह चूड़ावत के समक्ष हथियार डाल चुका औतारी गुर्जर अब सरमथुरा तहसील के गांव खोंटवाई के हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ करते नजर आता है। पुलिस एनकाउंटर के डर से औतारी ने साल 2004 में सरेंडर किया। औतारी की एमपी, यूपी और राजस्थान के डांग व बीहड़ में धमक हुआ करती थी। राजस्थान और मध्यप्रदेश से 35 हजार रुपए का इनामी दस्यु रहा औतारी लूट, डकैती, हत्या जैसे 40 से अधिक संगीन मुकदमों में अभियुक्त था। करीब आठ साल पहले वह मुकदमों से बरी होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है। 48 वर्षीय औतारी कहते हैं कि वह हनुमान जी की पूजा करते हैं और समाज के बीच अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह दूसरी कक्षा तक पढ़े हैं रामायण सहित धार्मिक ग्रंथों का पाठ करते हैं और सरमथुरा के गांव घोटवाई और करौली के मासलपुर में खेतीबाड़ी करते हैं। औतारी के तीन पुत्र और एक बेटी है। इसमें बड़ा बेटा विष्णु सिंह जयपुर में आरएएस की तैयारी कर रहा है।

---

# 15 साल में रेड जोन भी ग्रीन नहीं, बदलती रहीं सरकारें...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर शहर के जलदाय विभाग ने उत्तर और दक्षिण सर्कल में बीते 15 वर्ष से 19 इलाकों को कभी भी घरों में दूषित पानी आने के मामले में अतिसंवेदनशील मानते हुए रेड जोन की सूची में डाल रखा है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि जलदाय इंजीनियरों ने आज तक इन इलाकों को रेड जोन सूची से निकालने के कोई ठोस प्रयास धरातल पर नहीं किए। ऐसे में दोनों सर्कल की लाखों की आबादी आज भी आए दिन दूषित पानी का दंश झेल रही है।

### जर्जर पाइप लाइनों को माना था दूषित पानी आने का बड़ा कारण

जानकारी के अनुसार 2008-2009 में शहर के कई इलाकों में दूषित पानी की सप्लाई से हाहाकार मच गया। विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शहर का सर्वे कराया और दूषित पानी की सप्लाई को लेकर इलाके चिन्हित करवाए। सर्वे में जर्जर पाइप लाइनों को दूषित पानी आने का बड़ा कारण माना गया था।

उत्तर-दक्षिण सर्कल के ये इलाके रेड जोन में

» हीदा की मोरी लक्ष्मीनारायणपुरी
» रामगंज
» चौकड़ी मोदीखाना
» चौकड़ी तोपखाना देश,जालूपुरा
» संगम विहार ईदगाह
» शास्त्री नगर में किशनबाग, नाहरी का नाका
» सिवार एरिया सुभाष चौक
» बलजी की कोठी घाटगेट
» विजयबाड़ी मुरलीपुरा
» सांगानेर » कागजी मोहल्ला
» शिव कॉलोनी, बाईजी की कोठी, झालाना
» गायत्री नगर राकड़ी-सोढाला
» शांति नगर, मजदूर नगर-हसनपुरा क्षेत्र
» हसनपुरा ए,बी,सी
» कमेला की गली-एमडी रोड
» जीवा चौधरी की गली, खाल गोदाम, एमडी रोड

### समस्या के लिए 8279100526, 9983988025 पर वॉट्सएप करें

जलदाय विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा के आदेश के बाद जलदाय विभाग ने शनिवार को प्रदेश में गर्मी के दौरान पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए राज्य व जिला स्तर पर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक राज्य व जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं। पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष का मोबाइल नंबर 8279100526 जारी किया गया है। नियंत्रण कक्ष में दर्ज पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर प्रभारी नीतू चौधरी के मोबाइल नंबर 9983988025 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इन दोनों नंबरों पर केवल वॉट्सऐप किया जा सकता है। राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के नंबर 0141-2222585 पर भी पेयजल समस्या दर्ज कराई जा सकती है।

### बाईजी की कोठी-एक घंटे की जगह 20 मिनट पानी, बूंद-बूंद का संकट

जलदाय विभाग के मालवीय नगर खंड के झालाना में बाईजी की कोठी क्षेत्र की सोमेश्वरपुरी के लोग कम प्रेशर से पानी की सप्लाई से परेशान हैं। यहां हालात ऐसे हैं कि जहां पहले एक घंटे सप्लाई होती थी, वहीं अब महज 20 मिनट से भी कम सप्लाई हो रही है। ऐसे में लोगों के सामने बूंद-बूंद पानी का संकट झेलने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी राजेश चावला और वार्ड पार्षद लक्ष्मण लूनीवाल ने शनिवार को पत्रिका को बताया कि कई वर्षों से इस क्षेत्र के लोग पानी की समस्या झेल रहे हैं। जलदाय इंजीनियरों को कई बार समस्या बताई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। अब स्थिति ऐसी कि सुबह सप्लाई शुरू होती है और महज 20 मिनट बाद बंद हो जाती है। लोग आस-पास के सरकारी कार्यालयों, छात्रावास के बाहर लगे नलों से अपनी पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए पानी भर कर ला रहे हैं। पार्षद लूनीवाल ने कहा कि रविवार को समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार को मालवीय नगर जलदाय कार्यालय पर प्रदर्शन होगा।

---

## # Akhil Bhartiya मूंगफली समन्वित अनुसंधान कार्यशाला सम्पन्न

# एसकेआरएयू की दो नवीन मूंगफली किस्म चिह्नित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में तीन दिवसीय अखिल भारतीय मुंगफली समन्वित अनुसंधान कार्यशाला का समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. बलराज सिंह, कुलपति, श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने बताया कि आजादी के समय देश की जनसंख्या सीमित होने के साथ ही प्रति व्यक्ति तेल की खपत भी बहुत कम थी। वर्तमान में हमारे खान पान में बदलाव से तेल की खपत प्रति व्यक्ति 18 लीटर प्रति वर्ष तक बढ़ गयी।ऐसे में हमारे देश को विभिन्न देशों से खाद्य तेल का आयात करना पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्तापूर्ण तेल वाली फसल मूंगफली का क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में देश भर की 5 किस्मे चयनित की गयी जिसमे से 2 किस्मे आर जी 575-1 एवं आर जी 648 जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय की चयनित हुई है।

दुर्गापुरा से विकसित किस्म आर जी 575-1 बायो फोर्टिफाइड किस्मो की तरह उच्च स्तर का प्रोटीन लगभग 30 प्रतिशत प्रोटीन के साथ ही 48% तक तेल की मात्रा एवं उत्पादकता प्रति 30 कुवन्तल हेक्टेयर है। राजस्थान में गुणवत्तापूर्ण बीज की मांग को देखते हुए हमारे निवेदन पर मूंगफली का सीड हब कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।विश्विद्यालय किसानों के साथ भागीदारी निभा मूंगफली बीज उत्पादन में अहम भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में मुंगफली अनुसंधान निदेशालय, के निदेशक डॉ. एस. के. बेरा ने कार्यशाला की मुख्य सिफारिशों को प्रस्तुत किया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से पधारे डॉ एस के झा ने इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताते हुये मूंगफली अनुसंधान परियोजना के महत्त्व पर प्रकाश डाला।डॉ झा ने कहा कि देश को तेल में स्वालंबन हेतु उत्पादकता के साथ ही मूंगफली को इंडस्ट्री से जोड़ना भी आवश्यक है।मुंगफली के विशिष्ट प्रजनक डॉ. एस. एस. निगम, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक आईसीआरआईएसए, हैदराबाद ने मूंगफली के तेल को सबसे अधिक सुरक्षित बताते हुये जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए विकसित नवीन किस्मो एवं प्रोधोगिकियो को किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में देश भर के मुंगफली अनुसंधान परियोजना में कार्यरत लगभग वेज्ञानिको ने अपनी अपने प्रस्तुतिकरण, सुझावो से भागीदारी निभायी। समापन सत्र में निदेशक डॉ. अर्जुन सिंह बलौदा ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों,प्रेस मिडिया बन्धुओ एवं स्टाफ की कार्यशाला में भागीदारी को सराहा। कार्यशाला में रारी स्तिथ मूंगफली परियोजना समन्वयक डॉ अशोक मीणा, डॉ मालू राम यादव एवं डॉ भीम पारीक को कार्यशाला में अपनी महती भूमिका हेतु सम्मानित किया गया।

---

ANCHOR **केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह की प्रेसवार्ता**

# विश्व के 192 देशों में से 162 देश भारत में कर रहे है निवेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह ने जयपुर के होटल क्लार्क आमेर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने सड़क परिवहन, एविएशन, इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, ग्रीन एनर्जी, हाइड्रो एनर्जी के साथ रेलवे का विद्युतीकरण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हुए आमूल-चूल परिवर्तन को बताया।

राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी के सिंह ने कहा कि भारत में 2014 में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई जहां 90 हजार किलोमीटर थी, वहीं मोदी सरकार बनने के बाद राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई बढ़कर 1 लाख 60 हजार किलोमीटर तक पहुंच गई। देश में 2014 तक 74 हवाई अड्डे हुआ करते थे, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इनकी संख्या 148 हो गई। इतना ही नहीं, कई हवाई अड्डों का काम निर्माणाधीन है जिसके बाद देशभर में हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर 200 हो जाएगी। राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी के सिंह ने कहा कि भारत में पिछले एक दशक के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए है। इसकी बदौलत भारत की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। वर्तमान में भारत का कैपेक्स बजट 11 लाख 11 हजार 11 सौ लाख करोड़ का है। भारत की ग्रोथ रेट 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो पाया है। राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी के सिंह ने कहा कि भारत में कोल का उत्पादन पिछले 5 सालों में रिकॉर्ड स्तर पर हुआ है। वहीं भारत में स्वनिर्मित वंदे भारत जैसी ट्रेनों का संचालन हो रहा है। आज रेलवे का विद्युतीकरण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। भारत ग्रीन एनर्जी के साथ हाइड्रो एनर्जी के क्षेत्र में जापान के बराबर रिसर्च कर रहा है। यहां हाइड्रोजन से सौर ऊर्जा बनाने पर तेजी से काम किया जा रहा है। भारत में डिजिटलीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है। मोबाइल का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। भारत के दूर दराज गांव में भी डेटा का उपयोग किया जा रहा है। आज विश्व का 60 प्रतिशत डिजीटल ट्रांजेक्शन भारत में ही हो रहा है।




### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मिला संबल

**राज्यमंत्री** जनरल डॉ. वी के सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को विशेष पहचान मिली है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से देश की आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का काम किया है। पीएम मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में काम करते हुए लखपति दीदी योजना, उज्जवला योजना, ड्रोन दीदी योजना, पीएम आवास योजना जैसी अनेकों योजनाओं को शुरू कर महिलाओं के जीवन को सरल बनाया है।

### भारत ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी के सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एफडीआई के क्षेत्र में लगातार हर वर्ष अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। भारत की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 192 देशों में से 162 देश भारत में निवेश कर रहे हैं। ये निवेश किसी एक क्षेत्र में ना होकर 32 अलग-अलग क्षेत्रों में और देश के हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों में किया जा रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भी भारत ने एफडीआई के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्थापित किया।

## जागरूक खबरें

### ■ अजीत शर्मा सनातनी युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



जयपुर @ जागरूक जनता। सनातनी युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा जिया मंजरी ने अजित शर्मा को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि शर्मा इससे पूर्व सनातन हित के कार्यों में लगे हुए है।

### ■ रतनलाल सारस्वत अध्यक्ष नियुक्त



श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता। ब्राह्मण सभा की बैठक राजीव कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में अरविंद दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में युवा टीम को लेकर विचार विमर्श किया गया बैठक में सर्व सहमति से रतनलाल सारस्वत को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में परशुराम जयंती पर भव्य कार्यक्रम करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार रखें।

### ■ जस्टिस रांका रिटायर्ड एससी और हाईकोर्ट जज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर @ जागरूक जनता। राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस जे के रांका "रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट जज एसोसिएशन ऑफ इंडिया" के भारी मतों से दो वर्ष के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जस्टिस रांका इससे पूर्व एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव थे। जस्टिस रांका को राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जनशक्ति विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार वी बी जैन सहित हाईकोर्ट/सुप्रीम कोर्ट के जजेज, एडवोकेट्स और विभिन्न संगठनों ने हार्दिक बधाई दी है।



# भाजपा ने गांवों को प्रथम गांव मानकर किया इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत-सीतारमण

**कांग्रेस के घोषणा पत्र में ओपीएस का ज़िक्र तक नहीं,पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने ओपीएस के नाम पर फैलाया था राजस्थान में भ्रम**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एक जहां भाजपा के संकल्प पत्र को विकसित भारत 2047 का विजन पत्र बताया वहीं दूसरी ओर पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस पार्टी पर चुनाव के समय वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने 100 दिन की कार्य योजना पर काम करते हुए ईआरसीपी और पीकेसी लिंक योजना समझौता किया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जल की भारी किल्लत होने के बावजूद इस महत्वपूर्ण योजना को लटकाए रखा। मेरी नजर में अशोक गहलोत पहले ऐसे सीएम है जिन्होंने पानी जैसे महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से नहीं लिया और ईआरसीपी योजना को अटकाने का काम किया। इसलिए विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने नारा दिया था ''गहलोत मत लौट' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भ्रष्टाचार, कुशासन, झूठे वादे और वोट बैंक के खातिर जनता को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ओपीएस का ज़िक तक नहीं किया जबकि ओपीएस कांग्रेस का मुद्दा था। वहीं राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने ओपीएस के नाम पर भ्रम फैलाने का काम किया। कांग्रेस घोषणा पत्र जारी करने के समय दिल्ली के नेताओं ने ओपीएस पर अशोक गहलोत की राय क्यों नहीं ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का संकल्प पत्र पूरी तरह से गुड गवर्नेस, डिजिटल गवर्नेस के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। राजस्थान में सीमावर्ती जिलों के अंतिम गांव को मोदी सरकार ने पहला गांव मानकर उनका इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है। सीमावर्ती गांवों में बेहतर सड़क मार्ग और टेक्नोलोजी की मदद से ड्रग्स तस्करी पर नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। बीआरओ ने पिछले पांच सालों में राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में करीबन 9 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया है। सीमा क्षेत्रों में तारबंदी कर अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दक्षिण–पश्चिम राजस्थान में खनिज के भरपूर भंडार के चलते यहां की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। राजस्थान एमएसएमई के लिए जाना जाता है।

# जिंक नगर में माताजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पाटोत्सव एवम श्री शिद्धेश्वरी माताजी के नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मुख्य जजमान ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम सिंह राणावत के नेतृत्व में आयोजित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ सोमवार प्रातः माताजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन पूर्ण विधि विधान से पूरा हुआ। मंत्रोच्चार के बीच मुख्य आचार्य किशन खंडेलवाल ने जैसे ही शुभ मुहूर्त का संकेत दिया माताजी की मूर्ति, कलश एवं गज स्तंभ स्थापित किया गया और भक्तो में हर्ष के साथ माताजी का जयकारा लगाया और महिलाओ ने मां के दरबार में नृत्य किया। प्राण प्रतिष्ठा के समय जिंक के डिप्टी सीईओ स्मेल्टर्स मानस त्यागी, लोकेशन हेड कमोद सिंह, ट्रस्ट के एसके मोड, जीएनएस चौहान, योगेश शर्मा, दिलीप सिंह सिसोदिया, बालकिशन माली, लोकेश चौबिसा, अनिल ईनाणी ,विनय कंठालिया, सीबीएस झाला, कृष्णचंद दाधिच्य,सौचंद धाकड़, अनिल अग्रवाल, महेश विजय, अधिकारी राकेश रोहिल्ला, ममता शर्मा, एस एस सोनी,टीसी खत्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जीएनएस चौहान ने बताया की आयोजन में रविवार सायं को जगदीश वैष्णव की भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। लोकेशन हेड कमोद सिंह ने और आयोजन समिति ने जगदीश वैष्णव का स्वागत किया। मंगलवार को आयोजन में प्रशासनिक संत हरे कृष्णा प्रभु राकेश पुरोहित का सत्संग आयोजित किया गया।

# शुरू होगी उदयपुर-जम्मू स्पेशन ट्रेन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04656 जम्मूतवी-उदयपुर सिटी गरीब रथ साप्ताहिक स्पेशल 25 अप्रेल से 27 जून तक (10 ट्रिप) संचालित होगी। जम्मूतवी से 25 अप्रेल की सुबह 5.20 बजे रवाना होकर रात 11 बजे जयपुर पहुंचेगी। अजमेर में इसका समय रात 1.15 बजे रहेगा। भीलवाड़ा में ट्रेन सुबह 4.15 बजे पहुंचेगी। उदयपुर में इसका समय सुबह 7.30 बजे पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04655 उदयपुर सिटी-जम्मूतवी गरीब रथ साप्ताहिक स्पेशल 26 अप्रेल से 28 जून तक (10 ट्रिप) संचालित होगी। उदयपुर सिटी से शुक्रवार दोपहर 1.45 बजे रवाना होकर शाम 5.23 बजे भीलवाड़ा, 7.12 बजे अजमेर व रात 9.35 बजे जयपुर पहुंचेगी। अगले दिन दोपहर 3.10 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी।

**यह रहेगा ट्रेन का ठहराव**



**यह** ट्रेन पठानकोट कैंट, जालन्धर कैंट, लुधियाना, धुरी, झाखल, हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, अलवर, बांदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चंदेरिया, मावली व राणाप्रताप नगर स्टेशनों पर ठहराव होगा। इसमें गरीब रथ श्रेणी के 11 डिब्बे एवं 2 पावर कार समेत 13 डिब्बे होंगे।

## जयपुर मंडल रामनवमी पर मनाएगा विश्व जागृति मिशन का 33 वां स्थापना दिवस

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विश्व जागृति मिशन का 33वां स्थापना दिवस रामनवमी पर जयपुर मंडल के श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जयपुर मंडल प्रधान मदन लाल अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज के संकल्प और संदेश का प्रसारण किया जाएगा। शाम को आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शाम 5 बजे से आचार्य मोहन शास्त्री के सानिध्य में हवन और कन्या पूजन जैसे कार्यक्रम होंगे। इसके बाद धार्मिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सोमेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होकर बीस दुकान और आदर्श नगर क्षेत्र से गुजरते हुए वापस सोमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।

**शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की बड़ी घोषणा**

# रिटायर्ड सैनिक बनेंगे सरकारी टीचर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोटा के रामगंजमंडी में एक सभा में भाषण के दौरान शिक्षा मंत्री ने इसकी घोषणा की। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को सभा में कहा कि पूर्व सैनिकों को मेरिट और आरक्षण के आधार पर उन्हें शिक्षक बनाया जाएगा। इतना ही नहीं सैनिकों की आकस्मिक मौत होने और शहीद होने पर वीरांगना व आश्रितों को अनुकम्पा में सरकारी नौकरी भी दी जाएगी।

शिक्षा मंत्री दिलावर का कहना है कि राजस्थान शिक्षा विभाग पहली बार इसकी पहल कर रहा है। अब जल्द इसका प्रस्ताव तैयार कर राजस्थान सरकार सीएम भजनलाल को सौंपा जाएगा। दिलावर ने कहा कि इससे पहले कुछ पूर्व सैनिकों ने शिक्षक बनने के लिए दिलचस्पी दिखाई थी और आवेदन किया था। लेकिन इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी मानने को तैयार नहीं थे। वे कह रहे थे कि पूर्व सैनिकों को शिक्षक नहीं बनाया जा सकता क्योंकि इन सैनिकों की ट्रेनिंग, शिक्षा विभाग से कम है।

अधिकारियों के लिए नए निर्देश जारी

अब अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि रिटायर्ड सैनिकों को बीएड डिग्री के बराबर माना जाए। अब रिटायर्ड सैनिकों को मैरिट और आरक्षण के आधार पर सरकारी टीचर बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यदि भारतीय सैनिकों की सामान्य मौत हो जाती है या फिर जंग में शहीद हो जाते हैं, तो परिवार के पालन-पोषण में बहुत दिक्कत आती है। इसके बावजूद भी शहीदों की वीरांगनाओं को अनुकम्पा नियुक्ति देने का प्रावधान नहीं है। लेकिन अब वीरांगना और शहीदों के आश्रितों को सरकारी मौकरी दी जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 400 पार का नारा की होगा जीत में तब्दील-जोशी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** सुदूर गांवों और ढाणी में बैठे बुजुर्ग, महिलाएं और युवा के मन और मस्तिष्क में एक ही बात है कि अबकी बार फिर से मोदी सरकार अबकी बार 400 पर का यही नारा जीत में तब्दील होगा, क्योंकि कांग्रेस के 60 साल बनाम मोदी सरकार के 10 साल 60 साल भारी है। यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी ने कही।

जोशी सोमवार को निंबाहेड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान एक निजी वाटिका में भाजपा द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमे भाजपा प्रत्याशी जोशी ने मीडिया कर्मियों संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्ष कांग्रेस सरकार के 60 वर्षो पर भारी है, मोदी जी ने जो कहा वह करके दिखाया है, कांग्रेस सिर्फ घोषणाएं करती आई है। हर वर्ग हर क्षेत्र के कल्याण की बात महिला युवा गरीब के कल्याण की बात स्वास्थ्य की बात और यही एक संकल्प है जो भाजपा जनता के प्रति संकल्पित होकर उसको पूरा करने की गारंटी है यही मोदी जी की गारंटी का विश्वास है कांग्रेस के घोषणा पत्र में घोषणाएं की है उनको कभी अमल में लेकर नहीं आए, 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करने, बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणाएं की लेकिन ऐसा नहीं हुआ है, और मोदी जी ने जो गारंटी दी है वह करके दिखाया है, यही अटूट विश्वास देश की जनता का आदरणीय प्रधानमंत्री जी को है। विपक्ष के द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने के जवाब में उन्होंने कहा की अगर वे ईमानदार है तो उन्हें मैदान में आना चाहिए मैं दावे के साथ कहता हूं मैं उस दिन का इंतजार करूंगा जब आप कहेंगे कि मैं आ रहा हूं जनता के बीच में हम तैयार हैं। अगर वे नहीं आते हो वे भ्रष्ट है आप आरोपी है। गौरतलब है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के द्वारा गत दिनों हुई एक सभा में भरे मंच से सांसद जोशी पर अफीम काश्तकारों से रुपए लेकर अफीम के पट्टे जारी करने और अफीम किसानों को 20 किलो डोडा चूरा विभाग देने का दबाव बनाने के आरोप लगाए थे।

# यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा का रिजल्ट जारी, आदित्य श्रीवास्तव बने टॉपर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा ली जाने वाली देश की सबसे बड़ी सिविल सर्विस परीक्षा का फाइनल रिजल्ट आ गया है। सिविल सर्विस परीक्षा में इस साल आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। उन्होंने इस परीक्षा में पहली रैंक हासिल की है। दूसरे नंबर पर अनिमेश प्रधान हैं। टॉप 3 में तीसरा स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी ने हासिल किया है।

### 180 उम्मीदवार आईएएस के लिए चुने गए

**यूपीएससी** की इन परीक्षाओं में कुल हैं। वहीं, 200 उम्मीदवार इंडियन पुलिस सर्विस यानी आईपीएस के लिए चुने गए हैं। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के लिए 37 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इन परीक्षाओं के माध्यम से 613 उम्मीदवारों का चयन केंद्र सरकार के विभिन्न ग्रेड ए पदों पर हुआ है। 113 उम्मीदवार ग्रेड बी पद के लिए चुने गए हैं।

### तीन चरणों में होती है यूपीएससी परीक्षा

**सिविल** सर्विस के लिए ली जाने वाली यूपीएससी परीक्षा के तीन चरण होते हैं, प्रीलिम्स, मेन्स और पर्सनालिटी टेस्ट (इंटरव्यू)। यूपीएससी ने इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि परीक्षा के इस वर्ष इंटरव्यू का समापन 9 अप्रैल 2024 को हुआ था। आईएएस के लिए इंटरव्यू 4 जनवरी को शुरू हुए थे और 9 अप्रैल तक इंटरव्यू चले।

### 2,800 से अधिक उम्मीदवार हुए थे शामिल

**यूपीएससी** के मुताबिक अलग-अलग चरणों में आयोजित किए गए इंटरव्यू में कुल 2,800 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत सिविल सर्विस (आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व अन्य केंद्रीय पद) पर चयनित हुए उम्मीदवारों के नाम व रोल नंबर उनकी रैंक के हिसाब से जारी किए गए हैं।

# गौधन संरक्षण व मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**अलवर।** रामगढ़ के मेवात में गौ धाम पंडित जी की ढाणी में भारी चहल पहल है। यहां प्रति दिन ग्रामीण एक लाख विजय मंत्रों का सामूहिक जाप कर रहें हैं।

आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय नॉर्थ कैंपस के टॉपर छात्र रहे गौ सेवक भानू प्रताप शर्मा की अगुवाई में देसी गौ संवर्धन गौ संरक्षण के तहत गौ धाम में पांच दिवसीय श्री शक्ति राम यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भानू ने बताया कि यज्ञ आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी फिर से प्रधानमंत्री बने इसके लिए भी भगवान से प्रार्थना की जा रही है। यज्ञ के दौरान भजन कीर्तन, संगीतमय सुंदर काण्ड, धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पंडित सुरेश शर्मा के सानिध्य में चल रहे श्री राम यज्ञ में आज मुख्य यजमान अतर सिंह गुर्जर एवं रामा देवी गुर्जर थे। गौ धाम में बनी यज्ञ शाला की यज्ञ वेदी में छोटू सिंह जयसवाल, संजय सिंह शेखावत,अशोक कुमार, हेमंत जांगिड़, हरिनारायण पंचाल, गिर्राज चौधरी, हीरा लाल सैनी, नारायण पांचाल, सुनील प्रजापत, शेखर जाटव, मोंटी जाटव, मास्टर नरेन्द्र शर्मा ने आहुतियां दी। डीयू टॉपर भानू प्रताप का कहना है कि सनातन संस्कृति की विश्व में ध्वज पताका मोदी के फिर प्रधान मंत्री बनने से ही संभव है।

# रानी लक्ष्मीबाई एकेडमी ने जीती प्रथम चैंपियनशिप ट्रॉफी



**अलवर @ जागरूक जनता।** गुड़गांव में आयोजित ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्ट्स एकेडमी, अलवर की टीम ने 40 पदक जीते। एकेडमी की संस्थापक पायल सैनी ने बताया कि दो दिवसीय ओपन कराटे प्रतियोगिता गुड़गांव में आयोजित की गई जिसमें करीब देश के 20 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। टीम के कोच दीपक सैनी ने बताया की खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण पदक, 14 रजत पदक और 15 कास्य पदक जीतकर प्रथम चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर अलवर जिले का नाम रोशन किया।

यश्वी शर्मा, मिशिका शेरवात, सनाया कालरा, तनवी यादव, शौर्य सक्सेना, रियांश वर्मा, तविश् जांगिड़, अपराजित, मिकिन खंडेलवाल, लक्ष्य यादव, तेजश्री ने स्वर्ण पदक जीते तारीनिका वशिष्ठ, भाविका चौधरी, रिद्धि गर्ग ,मन्नत शर्मा, चहक अग्रवाल, कनिष्का, चर्वि जैन, श्रीयांश शेरावत, किरण, जयवर्धन सिंह नरूका,पर्व अग्रवाल, भव्य जोत कौर, विजेंद्र सिंह, मनीषा सोलंकी रजत पदक जीते ओर श्रद्धा शर्मा, सहज दुआ, रुद्रांश शर्मा, हर्षिल खुडोतीय, देवांश चौधरी, हियांश अग्रवाल, मोक्षित खंडेलवाल, आरोही जैन, गौरव कुमार, अथर्व सिंह, आदर्श यादव, लक्ष्य यादव, रूप सिंह, अरमान राजपूत, विराट ने कास्य पदक जीत कर अलवर का नाम रोशन किया। महिला टीम कोच लोचन वर्मा भी मौजूद रही।

ANCHOR | हाल-ए-मौसम

# धोरों में प्रचंड होती गर्मी, मंद होता व्यवसाय

## 90 फीसदी रिसोर्ट्स पर लगे ताले-धोरों पर छाई वीरानी, हजारों का रोजगार छिना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जैसलमेर** गर्मी का प्रकोप शुरू होने के साथ ही जैसलमेर का पर्यटन व्यवसाय ठंडा पड़ गया है। इसकी सीधी मार जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर स्थित सम सेंड ड्यून्स क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों के रोजगार पर पड़ी है। कुल करीब 110 रिसोर्ट्स और कैम्प्स में वर्तमान में मुश्किल से 10 रिसोर्ट्स खुले हैं, शेष पर ताले जड़ दिए गए हैं। उनमें काम करने वाले कामगारों का रोजगार फिलहाल छिन गया है और अब उन्हें कम से कम जुलाई-अगस्त तक ठाले बैठ इंतजार करना होगा या किसी छोटे-मोटे काम की शरण लेनी होगी। ऐसे ही रेगिस्तान के जहाज पर सैलानियों को सैर करवाने वाले सैकड़ों ऊंट चालकों के ऊंट खड़े हैं। किसी.किसी को मामूली रकम आने वाले इक्का-दुक्का सैलानियों को घुमाने से मिल जाती है। उतने में ऊंट का खर्चा निकलना भी मुश्किल है। ऊंट मालिक का अपना परिवार पलना तो दूर की बात है। दूसरी ओर सीजन में सैलानियों से गुलजार रहने वाले मखमली रेत के धोरों पर प्रायरू सन्नाटा छाया हुआ है। खुल गए टेंट, नजर आ रही रेत ही रेतइन दिनों दामोदरा से सम सेंड ड्यून्स तक स्थित ज्यादातर रिसोर्ट्स तीन-चार महीनों के लिए अस्थायी तौर पर बंद कर दिए गए हैं। उनमें लगे टेंट्स को मौसम की मार से बचने के लिए समेट दिया गया है। इससे चारों तरफ रेत ही रेत नजर आ रही है। जबकि सीजन समय में सेंड ड्यून्स के दूसरे वाले भाग में रोशनियों से नहाए हजारों टेंट्स की वजह से वहां किसी शहर का आभास होता है। रिसोर्ट्स चलाने वालों का कहना है कि वर्तमान में गिनती के लोग घूमने के लिए सम पहुंच रहे हैं। इससे उनके लिए स्टाफ रखकर व्यवसाय जारी रखना संभव नहीं रह गया। लिहाजा उन्होंने अप्रेल माह के आरंभ से बड़े पैमाने पर टेंट्स समेट लिए। अब जो आठ-दस रिसोर्ट्स खुले हैं, वे ज्यादातर स्थानीय बाशिंदों के हैं। उनके सामने भी चुनौतियां कम नहीं हैं।


## कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :– न.पा.ता / 2024–25 / 196  दिनांक :– 15.04.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर भवन निर्माण स्वीकृति हेतु प्राप्त ऑनलाईन पत्रावलियां की करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

| क्र. स. | आवेदक का नाम | वार्ड संख्या | ऑनलाईन | तादादी | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंजनी सोनी पुत्र रतनलाल | 05 | 28 | 28.61 वर्गमीटर | भवन निर्माण स्वीकृति |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

### मारवाड़ में दिखा गजेंद्र सिंह शेखावत का अलग अंदाज

# कहीं चलाया ट्रैक्टर तो कहीं गजराज की सवारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनावों का रंग अब परवान चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान वोटर्स को लुभाने के लिए नेताओं का अलग-अलग अंदाज दिखाई रहा है। जोधपुर लोकसभा सीट से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत भी बीते दिनों अलग ही अंदाज में नजर आए। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहीं ट्रैक्टर चलाया तो कहीं वो गजराज (हाथी) पर सवार दिखे। उनका यह अंदाज पूरे मारवाड़ क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा है। सोशल मीडिया पर भी उनके वीडियो वायरल हो रहे है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कई क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। वे सुबह जोधपुर से सड़क मार्ग से होते हुए पोकरण के सांकड़िया पहुंचे। जहां तराजू पर एक तरफ गुड़ रखकर और दूसरी तरफ शेखावत को बिठाकर तोला गया। भणियाणा में शेखावत के नेतृत्व में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई। इस दौरान शेखावत ने खुद ट्रैक्टर का स्टेरिंग संभाला और रैली का नेतृत्व किया। राजमथाई में शेखावत ने खुली जीप में खड़े होकर रोड शो निकला।

**हाथी पर सवार होकर सभा स्थल पहुंचे**

**भैंसडा** में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने विधायक महंत प्रतापुरी के साथ हाथी पर सवार होकर सभा स्थल तक पहुंचे। भैंसडा में बारिश ने उनका स्वागत किया। शेखावत की जनसभाओं में भारी जनसमूह उमड़ रहा है। शेखावत का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।वो अपनी सभाओं में जहां शेखावत मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को गिना रहे हैं, वहीं कांग्रेस पर आक्रामक हैं।

# अजमेर-चंडीगढ़ वंदे भारत केसरिया रंग में आएगी नजर



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर से चंडीगढ़ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का लुक बदल गया है। अब यह ट्रेन भगवा रंग में तब्दील हो गई है। अजमेर-दिल्ली कैंट-चंडीगढ़ वंदेभारत के रैक केसरिया रंग के होंगे। पिछले साल यह ट्रेन अजमेर-दिल्ली कैंट के बीच शुरू हुई थी। इसे पिछले माह चंडीगढ़ तक बढ़ाया गया है। सफेद रंग वाले रैक को भी केसरिया रैक से रिप्लेस किया गया है। अजमेर-दिल्ली कैंट-चंडीगढ़ वंदेभारत ट्रेन के नए लुक को देखकर यात्री स्तब्ध रह गए और खुशी जाहिर की। खास बात ये रही कि ट्रेन का टीटीई भी राजस्थानी वेशभूषा नजर आया। टीटीई के सिर पर राजस्थानी पगड़ी थी। हालांकि, रेलवे की तरफ से ये ड्रेस निर्धारित नहीं थी। टीटीई का कहना था कि पगड़ी राजस्थान की पहचान है, इसलिए इसे पहना है।

### मार्च में हुआ ट्रेन का विस्तार

जानकारी के मुताबिक अजमेर-दिल्ली कैंट के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का विस्तार मार्च महीने में चंडीगढ़ तक किया गया था। तब इस ट्रेन का रंग सफेद व नीला था, जो नई दिल्ली से कटरा के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की तर्ज पर था। लेकिन, अब ट्रेन संख्या 20978 और 20977 का लुक बदल गया है। अब यह ट्रेन केसरिया रंग में रंग गई है।

### 6 दिन ही चलती है ये ट्रेन

अजमेर-दिल्ली कैंट-चंडीगढ़ वंदेभारत ट्रेन सप्ताह में बुधवार को छोड़कर छह दिन चलती है। 8 कोच की ये ट्रेन 7 घंटे में चंडीगढ़ से जयपुर पहुंचती है। यह ट्रेन चंडीगढ़ से दोपहर 3:15 बजे रवाना होकर रात 11:36 बजे अजमेर आती है। वापसी में यह ट्रेन अजमेर से सुबह 6:20 पर रवाना होकर दोपहर 3:45 बजे चंडीगढ़ पहुंचती है। रास्ते में जयपुर, अलवर, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट और अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव होता है।

# शादी समारोह में डीजे जैन, प्री-वेडिंग शूट भी बंद

**बेगूं @ जागरूक जनता।** धाकड़ समाज अब शादी ब्याह में डीजे नहीं बजाएगा और प्री-वेडिंग शूट भी नहीं करेगा। यह निर्णय देश पंचायत क्षेत्र बेगूं की बैठक में लिया गया। आदर्श धाकड़ समाज सम्मेलन स्थल ठुकराई चौराहे पर देश पंचायत अध्यक्ष नानालाल धाकड़ की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें मांडलगढ़ के पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के असामयिक निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक समाज सुधार एवं उत्थान पर चर्चा की गई। इस दौरान बेगूं क्षेत्र 10 चौखले के सदस्य मौजूद थे। बैठक में समाज में होने वाली शादियों में फिजूलखर्ची रोकने के लिए कई निर्णय लिए।

# खजूर बागों में खतरनाक कीट के फैलने से किसानों के उड़े होश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**हनुमानगढ़।** बीते बरसों में जिले के खजूर बागों में मीठे फल खूब लगते रहे हैं। इस बीच कुछ दिन पहले जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित एक बाग में 'रेड प्लाम विविल' कीट के फैलने से किसानों के होश उड़ गए हैं। बागे में लगे हाथी जैसे खजूर पेड़ों को उक्त कीट कुछ ही दिनों में चट कर जाते हैं। संभावित नुकसान को देखते हुए सभी खजूर उत्पादक किसानों को विभाग की ओर से सतर्क कर दिया गया है। फिलहाल बीकानेर से आई टीम ने एक बार खजूर के पौधों का उपचार कर किसानों को राहत दी है। साथ ही हर पौधे का हर दिन निरीक्षण करके इसकी देखभाल करने की सलाह दी है। ताकि कीट का असर दोबारा नजर आने पर तत्काल उसे नियंत्रित किया जा सके। जानकारी के अनुसार जिले में करीब आठ सौ बीघे में खजूर बाग लगे हैं। खजूर का पौधा बहुत कठोर जलवायु, कीट/ रोग रहित तथा कम गुणवत्ता की भूमि/ पानी में पनपने वाला होता है। लेकिन खजूर में एक कीड़ा रेड प्लाम विविल तबाही मचा रहा है। जहां भी यह कीट फैलता है, वहां हाथी और चिंटी की कहानी को बयां करता है। यह कीट खजूर जैसे बड़े पेड़ को भी कुछ ही दिनों में चट कर जाता है और पेड़ धराशायी होकर गिर जाता है। इसी तरह का प्रकोप जिले में सतीपुरा के पास 49 एनजीसी में देखा गया है। इस बाग में करीब तीस प्रतिशत तक पौधों को नुकसान पहुंचने की बात अधिकारी कह रहे हैं। कृषि विभाग व उद्यान विभाग के अफसरों की मानें तो उक्त कीट गुजरात व महाराष्ट्र में देखा जाता रहा है। इस बार राजस्थान के कुछ हिस्सों में इसका प्रकोप नजर आया है। लेकिन प्रारंभिक अवस्था में ही इसकी पहचान होने पर इसका नियंत्रण कर रहे हैं। ताकि खजूर बागों को अधिक नुकसान नहीं पहुंचे।

### यूं होती है खजूर की खेती

जिले में जिस तरह से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, उसे देखते हुए खजूर की खेती सुरक्षित मानी जाती है। इस पर बरसात व तेज तापमान का ज्यादा असर नहीं होता है। रोग व कीड़े भी इसमें ज्यादा नहीं लगते। एक हैक्टेयर में कुल 156 पौधे लगते हैं। इसमें 148 मादा व आठ पौधे नर के लगते हैं। जिले में प्रति पौधा 80 किलो से 160 किलो तक उत्पादन हो रहा है। औसतन पचास से साठ रुपए प्रति किलो भाव रहते हैं। इस वक्त खजूर के पेड़ों पर फूल खिल गए हैं। अगस्त तक फल तैयार होकर बाजार में आएंगे। गत बरसों में बंग्लादेश भी खजूर गया था। दक्षिण के राज्यों में इसकी खूब मांग रहती है। कोरोना काल गुजरने के बाद अब यूरोपियन व खाड़ी देशों में खजूर की सप्लाई होने की उम्मीद है। थोक में करीब 70 रुपए प्रति किलो तक किसानों को इसके रेट मिल रहे हैं। जिले में लाल व पीले रंग के खजूर की खेती हो रही है। बरही व खुलेजी किस्म के खजूर की खेती के लिए हनुमानगढ़ की आबोहवा को कृषि अधिकारी बेहद अनुकूल मान रहे हैं।

### फैक्ट फाइल

- हनुमानगढ़ जिले में करीब 800 बीघे में खजूर के बाग लगे हुए हैं।
- 1 हैक्टेयर में कुल 156 पौधे लगते हैं। इसमें 148 मादा व आठ पौधे नर के लगते हैं।
- जिले में प्रति पौधा 80 किलो से 160 किलो तक उत्पादन हो रहा है।
- जिला मुख्यालय के नजदीक सतीपुरा के पास खजूर बाग में मिले कीट के प्रकोप से 30 प्रतिशत तक पौधे खराब हो गए हैं।

**जिले** में खजूर की अच्छी खेती हो रही है। इस बार जिला मुख्यालय के नजदीक एक बाग में रेड प्लाम विविल कीट का प्रकोप देखा गया है। विभागीय टीम ने बाग का निरीक्षण करके पौधों को उपचारित कर दिया है। खजूर उत्पादक किसानों को सतर्क कर दिया गया है।

**-बीआर बाकोलिया,** सहायक निदेशक, कृषि विभाग हनुमानगढ़

### मोबाइल पशु चिकित्सा योजना

# शुरू होने से पहले लड़खड़ाई

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** राज्य सरकार की ओर से खुशहाल पशुपालक समृद्ध राजस्थान की थीम को लेकर शुरू की गई मोबाइल पशु चिकित्सा योजना शुरू होने के साथ ही ठप हो गई है। मजेदार बात यह है कि इस योजना में पिछले दिनों तक वैन में दवा तक नहीं थी। अब कुछ आधी अधूरी दवाइयां आई, तो कार्मिकों ने हड़ताल शुरू कर दी। इससे पशुपालक ठगा सा महसूस कर रहे हैं। मोबाइल सेवा बस नाम ही की है। हेल्पलाइन नंबर तक जारी नहीं हुए है। योजना के संचालन का ठेका एक निजी कंपनी को ठेका दिया गया था, लेकिन मोबाइल वैन में लगे पशु चिकित्साकर्मियों व टीम को वेतन, कार्यग्रहण आदेश सहित अन्य समस्याओं के आने पर जिले सहित प्रदेशभर में ये कार्मिक हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में जिले में मोबाइल पशु चिकित्सा वैन के पहिए थम गए हैं।जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने केंद्र की योजना को लागू करते हुए राज्य में मोबाइल पशु चिकित्सा योजना शुरू की। योजना के तहत वैन में एक-एक पशु चिकित्सक, पशुधन सहायक व पशु परिचर कम ड्राइवर को लगाया गया। इनका वेतन क्रमशः 56100, 20000 और 18000 रुपए निर्धारित किया गया। इस योजना में राज्य सरकार ने बीकानेर जिले को 26 वैन उपलब्ध करवाई गई। इसमें से 24 वैन ही संचालित हो रही थी। उसमें भी पशु चिकित्सक व अन्य कार्मिक मांगों को लेकर शनिवार से हड़ताल पर चले गए। बज्जू उपखंड में भी 2 वैन मिलनी थी, जिसमें बज्जू की सेवा शुरू हो गई थी, लेकिन बरसलपुर में सेवा शुरू नहीं हो पाई।

### नियमों की अनदेखी

जानकारी के अनुसार मोबाइल वेटरनरी यूनिट योजना में संबंधित कंपनी की ओर से नियमों की पालना नहीं की जा रही थी। वैन में सभी दवाइयां भी उपलब्ध नहीं करवाई गई और आपातकाल में दवाइयों के लिए चिकित्सकों को इधर उधर भटकना पड़ता है।

# भाटी समेत तीनों प्रत्याशी पहले भी कर चुके त्रिकोणीय संघर्ष का सामना!



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बाड़मेर।** बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा चुनाव के तीनों प्रत्याशियों के लिए त्रिकोण नई बात नहीं है। वे इससे पहले भी इन परिस्थितियों से गुजर चुके है। रोचकता यह है कि भाजपा के कैलाश चौधरी और उम्मेदाराम बायतु में ऐसा त्रिकोणीय मुकाबला पहले भी कर चुके है। उम्मेदाराम ने तो विधानसभा चुनावों में दो बार त्रिकोण में भाजपा को तीसरे नंबर पर रखा है। रविन्द्रसिंह भाटी शिव में चतुष्कोण से जीतकर आए है।

### 2023- रविन्द्रसिंह-अमीनखां- स्वरूपसिंह-फतेहखां

2023 के विधानसभा चुनावों से शिव से भाजपा ने स्वरूपसिंह खारा को प्रत्याशी बनाया और कांग्रेस ने अमीनखां को। रविन्द्रसिंह भाटी ने बगावत कर ली और इधर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष फतेहखां ने। यहां रोचक चतुष्कोणी मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में रविन्द्रसिंह भाटी जीते और दूसरे नंबर पर फतेहखां रहे। तीसरे नंबर पर अमीनखां और चौथे पर स्वरूपसिंह।

### 2018- त्रिकोण में थे कैलाश-उम्मेदाराम और हरीश

2018 के विधानसभा के चुनावों में बायतु में कैलाश चौधरी भाजपा से प्रत्याशी थे। कैलाश चौधरी बायतु का 2013 का चुनाव जीत चुके थे। उनके सामने कांग्रेस के हरीश चौधरी चुनाव मैदान में थे। इधर, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने उम्मेदाराम को प्रत्याशी बनाया। यहां त्रिकोण का संघर्ष हुआ। हरीश चौधरी और उम्मेदाराम के बीच में मुख्य मुकाबला हुआ। हरीश चौधरी चुनाव जीत गए। कैलाश चौधरी तीसरे नंबर पर रहे।

### 2023- उम्मेदाराम-हरीश और बालाराम मूंढ

2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने हरीश चौधरी को बायतु से टिकट दिया। भाजपा ने बालाराम मूढ को प्रत्याशी बनाया। इधर रालोपा ने फिर उम्मेदाराम को टिकट दिया। उम्मेदाराम इस चुनावों में हरीश चौधरी से कड़ी टक्कर में आ गए और महज 910 वोटों से हरीश चौधरी जीते। इस त्रिकोण में भी उम्मेदाराम ने भाजपा के बालाराम मूढ़ को तीसरे नंबर पर कर दिया।

### अब तीनों त्रिकोण

**त्रिकोणीय** संघर्ष में जीत एक रविन्द्रसिंह भाटी के नाम है। उम्मेदाराम के साथ रोचकता यह है कि वे जीते भले ही मत लेकिन उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी को तीसरे नंबर पर लाकर नंबर दो हासिल किया है। भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी त्रिकोण में पहले तीसरे नंबर पर रहे है।

### राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

# निधि की देशभर में कृषि विज्ञान में प्रथम रैंक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उच्चत्तर शिक्षा शिभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपना परिणाम जारी किया, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय की जोबनेर के चतुर्थ वर्ष की छात्रा निधि बिश्नोई ने कृषि विज्ञान संकाय विषय में भारत में प्रथम रैंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, साथ ही निधि बिश्नोई प्रसार शिक्षा विभाग में सोशल साइंस ग्रुप से जेआरएफ की तैयारी भी कर रही है, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से भारत के लगभग 195 विश्वविद्यालय व संस्थानों में विभिन्न विषयों में प्रवेश मिलेगा। निधि बिश्नोई ने इस सफलता का पूरा श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह व महाविद्यालय का अधिष्ठाता व संकाय अध्यक्ष डॉ एम आर चौधरी व अपने माता पिता को दिया। निधि विश्नोई ने बताया की विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह द्वारा लगातार छात्रों के हितों में लिए गए निर्णय व लगातर मोटिवेशनल क्लास की बदौलत यह सफलता संभव हो पाई है।

## चना, सरसों खरीद की पंजीयन सीमा दस प्रतिशत बढ़ाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन-तिलहन (चना, सरसों) की खरीद के लिए कृषक पंजीयन की सीमा को दस प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। राजफैड के अनुसार इससे राज्य में सरसों के लिए 68 हजार 386 किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। बढ़ी हुई पंजीयन सीमा का लाभ किसान 18 अप्रैल से प्राप्त कर सकेंगे।

## सतरंगी सप्ताह आज से होगा शुरू

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव-2024 के तहत अजमेर संसदीय क्षेत्र के ब्यावर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के लिये ..सतरंगी सप्ताह.. आज से आयोजित होगा।


## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर **जागरूक जनता** के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

....................

फोन .................... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


ANCHOR | जयपुर-जम्मूतवी की नई ट्रेन होगी शुरू

# शेखावाटी से जम्मू का सफर होगा आसान

## जयपुर से हरियाणा-पंजाब और जम्मू के लिए सीधी ट्रेन

» जागरूक जनता
jagrukjantaĐnet



**झुंझुनूं।** शेखावाटी के लोगों के लिए राहत की खबर है। रेलवे उन्हें कश्मीर का तोहफा दे रहा है। एक नयी ट्रेन चलायी जा रही है जो राजस्थान को सीधे जम्मू से जोड़ेगी। अब रेगिस्तान के लोगों का कश्मीर की वादियों तक सफर आसान हो जाएगा। अभी तारीख और ट्रेन नंबर का ऐलान नहीं हुआ है। रेलवे जयपुर से सीकर, झुंझुनूं होकर जम्मू तवी तक नई ट्रेन चला रहा है। यात्रियों की मांग को देखते हुए जयपुर से जम्मू तवी के बीच ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत यह ट्रेन जयपुर, खातीपुरा से रींगस होकर शेखावाटी के तीनों जिलों सीकर, झुंझुनूं और चूरू के सादुलपुर, हरियाणा के हिसार, पंजाब लुधियाना होकर जम्मूतवी तक जाएगी।

### शेखावटी का सफर आसान

**झुंझुनूं** शेखावटी का वो इलाका है जहां के बड़ी संख्या में जवान फौज में हैं। वो अक्सर कश्मीर में पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात रहते हैं। वहां से आने के लिए अभी उन्हें दिल्ली और अन्य शहरों से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इस कारण काफी परेशानी होती है। इसी तरह शेखावाटी के व्यवसायी लोग होजरी आईटम लाने के लिए लुधियाना जाते हैं। अब सीधी ट्रेन चलने से उन्हें वहां आने जाने में सुविधा रहेगी। इससे पहले पिछले दिनों रेलवे ने कोटा से झुंझुनूं होकर हिसार के बीच चलने वाली कोटा- हिसार ट्रेन का विस्तार सिरसा तक किया है। अब जम्मू तवी तक नई ट्रेन चलने पर लोगों को फायदा होगा।

### पंजाब, हरियाणा, जम्मू से सीधी कनेक्टिविटी

**इस** ट्रेन के शुरू होने पर झुंझुनूं के लोगों की पंजाब-हरियाणा और जम्मू कश्मीर से सीधी कनेक्टिविटी बढ़ेगी। नयी ट्रेन से जयपुर से रींगस, सीकर, नवलगढ़, झुंझुनूं,चिड़ावा, लोहारू सादुलपुर, हिसार, लुधियाना जाना आसान होगा। अभी तक क झुंझुनूं से पंजाब के सीधी ट्रेन नहीं है। इस ट्रेन के चलने से शेखावाटी के लोगों को पंजाब, हरियाणा और जम्मू कश्मीर जाने में सहूलियत होगी।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

# अब स्कूलों में बच्चे पढ़ेंगे ऊंट को ऊंटड़ों, कौआ को कागलो

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में नए सत्र से सरकारी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षा के छात्र-छात्राओं को देशी शब्दों का शामिल करते हुए पढ़ाया जाएगा। बच्चे ऊंट को ऊंटड़ों, मटकी को मटको, बंदर को बांदरो, प्याज को कांदा, कौआ को कागलो, बिल्ली को बल्ली और बकरी को छाठ्ठी पढ़ते हुए दिखेंगे।

नई शिक्षा नीति के तहत सर्वे में कक्षा एक के बच्चों व उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों से भाषा की जानकारी ली गई थी। इसमें बच्चों के नाम के साथ उनके घर की भाषा, शिक्षक की भाषा, स्कूल का माध्यम, माध्यम भाषा को समझने व बोलने की विद्यार्थियों की क्षमता के स्तर आदि का सर्वे कर उसे शाला दर्पण पर अपलोड कराया गया था।

### राजस्थान में 30 भाषाओं का सर्वे

भारतीय भाषा सर्वेक्षण के तहत राजस्थान में 30 भाषाओं को लेकर सर्वेक्षण किया गया है। इनमें हाड़ौती, मारवाड़ी, थली, सांसी, बंजारा, गवारिया, मोटवाड़ी, देवड़ावाटी, खेराड़ी, वागड़ी, शेखावटी, दूंढाड़ी आदि शामिल है।



### शब्दकोष तैयार, जल्द लागू होगा

**नई** शिक्षा नीति में बदलाव करते हुए प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा पर जोर देने की नीति लागू करने से ऐसा होगा। इसके लिए आरएससीईआरटी ने प्रदेश में संभागवार भाषाई सर्वे करा लिया है। अब स्थानीय बोली व भाषाओं के आधार पर शब्दकोष तैयार कराकर पाठ्यक्रम तैयार करने की कवायद पूरी हो चुकी है। आने वाले सत्रों में इसको लागू किया जाएगा। डब्ल्यूएच में कौन को कुण, क्या को का कांई, कद को कदै पढ़ेंगे। सप्ताह के नाम में रविवार को दीतवार, शुक्रवार को सकरवार पढ़ेंगे।

**यूनेस्को करता है मातृभाषा की पैरवी :** विश्व के कई देश मातृभाषा में शिक्षा दे रहे हैं। इनमें जापान, जर्मनी, इटली, इजराइल, चीन, रुस सहित कई देश शामिल है। यूनेस्को भी मातृभाषा में पढ़ाई की पैरवी कर चुका है। कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध भी पढ़ने-समझने के लिहाज से मातृभाषा में शिक्षा की वकालत कर चुके है।

**स्थानीय बोलियों को किया शामिल :** झालरापाटन डाइट वरिष्ठ व्याख्याता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि गत दिनों स्थानीय भाषा पर आधारित कार्याशाला का आयोजन हुआ था। इसमें पशु पक्षियों, प्रश्नवाचक शब्दावली, सप्ताह के नाम सहित कई शब्दों के स्थानीय भाषा में बोलचाल वाले शब्दों के चार्ट बनाए गए थे। स्थानीय बोलियों व भाषाओं के आधार पर शब्दकोष तैयार कर उनके आधार पर पाठ्यक्रम तैयार करना प्रस्तावित है।

**चुनाव आयोग का एक्शन**

## कांग्रेस नेता सुरजेवाला पर 48 घंटे का बैन

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** सांसद हेमा मालिनी को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के मामले में चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला पर 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सुरजेवाला अगले 48 घंटे तक किसी प्रकार की चुनावी गतिविधि का हिस्सा नहीं बन पाएंगे और चुनाव प्रचार से भी दूर रहेंगे। आज शाम 6 बजे से अगले 48 घंटे तक रणदीप सिंह सुरजेवाला न चुनाव प्रचार कर पाएंगे और न ही मीडिया से संवाद। लोकसभा चुनाव के दौरान सुरजेवाला पहले ऐसे नेता हैं, जिनपर चुनाव आयोग ने एक्शन लिया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान EC की तरफ से बड़े संख्या में नियमों का उल्लंघन करने वाले नेताओं पर कार्रवाई हुई थी। सुरजेवाला ने हरियाणा के कैथल के गांव फरल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "हमें लोग विधायक, एमपी क्यों बनाते है। हम हेमा मालनी तो हैं नहीं कि $%$#@ के लिए बनाते है।"

upes.ac.in
UPES
UNIVERSITY OF TOMORROW
Empowering students to proudly say,
'I AM TOMORROW'



BHUPENDRA VERMA
Partner, Cyril Amarchand Mangaldas
UPES Alumnus (BA.LL.B)
*QS World Ranking 2024.
*NO.1 PRIVATE UNIVERSITY IN ACADEMIC REPUTATION
LIFETIME PLACEMENT ASSISTANCE
DESIGN YOUR OWN DEGREE CHOOSE FROM 180+ MINORS
RUNWAY START-UP SUPPORT
Admissions open for UG, PG and PhD programs
ADVANCED ENGINEERING | COMPUTER SCIENCE | DESIGN | BUSINESS
LAW | HEALTH SCIENCES AND TECHNOLOGY | LIBERAL STUDIES
Scan to unlock tomorrow, today!
UPES, Dehradun | upes.ac.in | 040 68440685 (10am to 7pm)
For online programs, visit upesonline.ac.in

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

• Minimum Rate of Intrest
• 0% Processing Fees
• No Hiddan Charges
• Minimum Document
• Advance Payment Facility
• Car Loan Available Here Only.
Use Car Loan



Aarna Associates
Call us : 9828333666

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी प्रारम्भ, रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू @ जागरूक जनता।** इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी। 50 दिन की इस यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होंगे। यात्रा 19 अगस्त को सावन पूर्णिमा को खत्म होगी। जो भी श्रद्धालु इस यात्रा पर जाना चाहते हैं वो आधिकारिक वेबसाइट https://jksasb.nic.in पर पंजीकरण करा सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि भक्तों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

### मतदान की मेहन्दी ने रचा इतिहास

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन की अभिनव पहल रंग लाई जिसके फलस्वरूप मंगलवार को जिले की लगभग 51 हजार महिलाओं ने एक साथ मतदान की मेहन्दी रचाई। लोकसभा आम चुनाव केअन्तर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मिशन 75 प्लस को प्राप्त करने हेतु आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में स्वीप गतिविधि अन्तर्गत यह नवाचार किया गया। जिला स्वीप समन्वयक एसीईओं राकेश पुरोहित ने बताया कि जिले में मतदान नही करने वाली उदासीन महिलाओं को जागरूक करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ मंगलवार को प्रातः 8.00 बजे से 10.00 के बीच लगभग इक्यावन हजार महिलाओं की उपस्थिति में उनकी हथेलियों पर मतदान की मेहन्दी जिसमें मतदान दिवस 26 अप्रैल का अंकन करते हुए लगाई गई। प्रेरक महिलाओं में शिक्षा विभाग, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहयोगिनी, राजीविका मिशन समूह की महिला साथिन, एएनएम, की विशेष भूमिका रही।

**पर्यवेक्षक ने सराहा :** मतदान की मेहन्दी कार्यक्रम के तहत् संसदीय क्षेत्र के मंगलवाड कस्बे में आयोजित इस अद्भूत कार्यक्रम को देखकर चुनाव व्यय पर्यवेक्षक मुकेश राठौड भी अभिभूत हुए। राठौड ने प्रेरकों और मतदाताओ का उत्साहवर्धव किया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

**दो दिन की तैयारी, 21 विभागों की भागीदारी :** इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला स्वीप टीम व ब्लॉक स्वीप टीम लगातार दो दिवस से तैयारियां कर रही थी। मतदान की मेहन्दी का जिला स्तरीय कार्यर म सिंहपुर में जिला स्वीप सहायक प्रभारी अधिकारी डीपीएम राजीविका मिशन महेन्द्रसिंह मेहता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

### राजस्थान की एकमात्र हेरिटेज ट्रेन मारवाड़ जंक्शन से ही चलेगी, पर्यटकों को लगेगा झटका

# मावली से देवगढ़ तक मीटरगेज लाइन उखाड़ी जाएगी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**देवगढ़ (राजसमंद)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे ने विरासत संजोने की राह में कदम तो उठाए, मगर उसका एक कदम अब मेवाड़ और दक्षिण राजस्थान आते पर्यटकों का वादियों का निहारने का सपना तोड़ देगा। मावली-मारवाड़ मीटरगेज रेलवे लाइन पर स्थित गोरमघाट तक ट्रेन सिर्फ मारवाड़ जंक्शन से ही चलेगी। मावली से देवगढ़ तक मीटरगेज लाइन उखाड़ ली जाएगी। इसका काम भी जल्द शुरू होने वाला है। मारवाड़ से कामलीघाट तक चल रही वैलीक्विन हेरिटेज स्पेशल ट्रेन पहले सफर का अधिक किराया होने से पिट गई, अब इसके विस्तार की सम्भावनाओं को एक और चोट लगी है कि इसे मावली की दिशा से चलाया नहीं जा सकेगा। यात्रीभार कम होने से ट्रेन के संचालन पर पहले से ही तलवार लटकती दिखाई दे रही है। एक पखवाड़े के बाद आमान परिवर्तन के चलते मावली से मारवाड़ तक इस रेलमार्ग पर रेल का संचालन बंद हो जाएगा। मावली से देवगढ़ तक रेललाइन हटाने के साथ ही अब मेवाड़ के लोगों के लिए हेरिटेज रेल ही नहीं, गोरमघाट तक सफर भी सपनों मे ही रहेगा। जब तक ब्रॉडगेज रेल का संचालन शुरू नहीं हो जाता, वादियों का सफर नहीं कर पाएंगे।



#### पहले सोचा होता तो...

**रेलवे** ने हेरिटेज ट्रेन के संचालन से पूर्व ही इस ट्रेन को मेवाड़ से चलाने की दिशा में काम किया होता और मावली से हेरिटेज ट्रेन चलाई होती तो ट्रेन संचालन पर तलवार नहीं लटकती, बल्कि ट्रेन को मेवाड़ के पर्यटकों का भी भार मिलता। हेरिटेज ट्रेन मावली से चलने पर देश-विदेश से झीलों की नगरी उदयपुर आने वाले पर्यटकों और नाथद्वारा में श्रीनाथजी, कांकरोली में द्वारकाधीशजी तक आते दर्शनार्थियों को एक नया पर्यटन केन्द्र हो जाएगा। वर्तमान में दोनों तरफ की यात्रा मारवाड़वासी तो कर पा रहे हैं, लेकिन मेवाड़ की दिशा से किसी को ट्रेन में बैठना हो तो उसे राजसमंद या उदयपुर से कामलीघाट तक जाना होगा। यह यात्रा भी केवल एकतरफा होगी। पूरी यात्रा करनी है तो उसे मारवाड़ तक जाना होगा। किराए में भी कोई खास राहत नहीं मिलेगी।

#### तत्कालीन शाही परिवारों की मदद से बना था ट्रैक

**यह** रेलवे लाइन मारवाड़ जंक्शन से मावली जंक्शन के बीच रेलवे लाइन को आजादी से पहले ही बिछाया गया था। दो अलग-अलग शाही परिवारों की मदद से इस रेलवे ट्रैक को बिछाया गया था। मावली जंक्शन से फुलाद तक रेलवे ट्रैक को मेवाड़ (उदयपुर) के तत्कालीन महाराणा की मदद से और मारवाड़ जंक्शन से फुलाद तक रेलवे ट्रैक को मारवाड़ (जोधपुर) के तत्कालीन शाही परिवार की मदद से बिछाया था। आजादी से पहले इस लाइन पर दोनों शाही परिवारों के लिए अलग-अलग ट्रेनें चलायी जाती थी। यात्री फुलाद स्टेशन पर अपनी ट्रेन बदल लिया करते थे।

# मंगल पुष्य नक्षत्र पर भगवान गणपति का दुग्धाभिषेक, दर्शनों को उमड़े भक्त

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मंगल पुष्य नक्षत्र पर आज शहरभर के गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य भगवान गजानन का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। इस मौके पर गणेशजी का मनमोहक श्रृंगार किया गया। मोदक भोग अर्पित कर भक्तों को प्रसाद व रक्षा सूत्र बांटे गए। इसके बाद गणेशजी को फूल बंगले में विराजमान किया गया। मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में भगवान गजानन का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को नवीन पोशाक धारण करवाकर मोदक अर्पित किए गए।



#### श्वेत सिद्धि विनायक गणेश मंदिर
#### मूंग के लड्डुओं का लगाया भोग

सूरजपोल बाजार स्थित श्वेत सिद्धि विनायक गणेशजी मंदिर में गणेशजी का वेदमंत्रों के बीच दुग्धाभिषेक किया गया। महंत मोहनलाल शर्मा के सान्निध्य में महालक्ष्मी की प्राप्ति के लिए हवन किया गया। इसके बाद मूंग के लड्डुओं का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद बांटा गया। ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित दाहिनी सूड वाले नहर के गणेशजी मंदिर में महंत पं जय शर्मा के सान्निध्य में श्री गणपति अथर्वशीर्ष और श्री गणपति अष्टोत्तरशत नामावली से गणेशजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद नवीन पोशाक धारण करवाकर श्रृंगार किया गया।

#### चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर
#### 101 लीटर दूध से किया अभिषेक

चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में पं. राहुल शर्मा के सान्निध्य में गणेश जी का 101 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक किया गया। युवाचार्य पंडित अमित शर्मा ने बताया कि नवीन पोशाक धारण कराकर फूल बंगला झांकी सजाई गई। गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ कर गणेश सहस्त्रनामावली से प्रथम पूज्य को 108 मोदक अर्पित किए गए।

# गुलाबों, भट्ट समेत 11 पद्म अवॉर्डी भाजपा में शामिल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट, पद्मश्री कालबेलिया डांसर गुलाबो सपेरा सहित 11 पद्म अवॉर्डी ने भाजपा को समर्थन दे दिया है। इनके समर्थन से बीजेपी को लोकसभा चुनाव में काफी फायदा होने की उम्मीद है। वहीं, पूर्व आईपीएस सहित 235 लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

बता दें कि राजस्थान में बीजेपी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्थान में एक ओर जहां दूसरी पार्टी के नेता बीजेपी का दामन थामने में लगे हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर कलाकारों को भी बीजेपी का साथ मिल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट सहित कई पद्म पुरस्कार विजेताओं का समर्थन मिलने से बीजेपी को चुनाव में कितना फायदा होगा।



#### इन हस्तियों ने दिया बीजेपी को समर्थन

जयपुर में रविवार को पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट, पद्मश्री कालबेलिया डांसर गुलाबो, कलाकार तिलक गीताई, शाकिर अली, उस्ताद अहमद, उस्ताद मोहम्मद, डॉ. मधु भट्ट तैलंग, मुन्ना शास्त्री, राम किशोर डेरेवाला, गोपाल सैनी और मोहन लाल सोनी ने भाजपा को समर्थन दिया। इस मौके पर चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने सभी कलाकारों का स्वागत किया।

#### पूर्व आईपीएस सहित 235 बीजेपी में शामिल

इधर, पूर्व आईपीएस रूप सिंह मीणा, सेवानिवृत्त एयर कमाडोर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा के जारी बयान के मुताबिक जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय में रविवार को सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दल व सामाजिक संगठन के कुल 235 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा डूंगरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुशील जैन, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव रूपेश कांत व्यास ने भी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### ई.वी.एम. मशीनों का प्रथम सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** लोकसभा आम चुनाव के अन्तर्गत मतदान हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोमवार को जिला सूचना विज्ञान केंद्र के कक्ष में बैलेट यूनिट मशीन का प्रथम सप्लीमेंट्री रेण्डमाईजेशन किया गया। जिसमें विधानसभावार अतिरिक्त बैलेट यूनिट का आवंटन किया गया। रेण्डमाईजेशन के दौरान संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अशोक लोढ़ा, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

ANCHOR | अग्र विभूति अलंकरण समारोह

# देश-विदेशी की 32 अग्रविभूतियां होंगी अलंकृत

### 30 अप्रैल 2024 तक कर सकते हैं आवेदन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता के



तत्वाधान एवं वृहत्तर कोलकाता इकाई के आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 8 जून को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल मे समाज की देश-विदेश में निवासरत हस्तियों का होगा सम्मान।




01- अग्रश्री उद्यमी पुरस्कार-उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में परचम लहराने पर
02- अग्रश्री महिला उद्यमी पुरस्कार- राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग व व्यापार के क्षेत्र में महिला उद्यमी द्वारा परचम लहराने पर
03- अग्रश्री युवा उद्यमी पुरुस्कार-राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग के क्षेत्र में परचम लहराने वाले 45 वर्ष तक के अग्रवशी युवाओं को प्रोत्साहन स्वरूप
04- अग्रश्री महा गौरव पुरस्कार-यूपीएससी में चयन पर अग्रकुल के उत्कृष्ट को
05- अग्रश्री महिला रत्न पुरुस्कार-विधि एवं न्याय के क्षेत्र में न्यायाधीश, न्यायिक सेवाए एवं अधिवक्ता के रूप में सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवाएं देने वाली महिलाओं को
06- अग्रश्री वीर पुरस्कार- वीरता या साहस के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर
07- अग्रश्री शिरोमणि पुरस्कार- समाज सेवा के क्षेत्र में जीवन पर्यंत काम करने पर (इस पुरस्कार के लिए अवधि सीमा का बंधन नहीं है)
08- अग्रश्री भामाशाह पुरस्कार-अस्पताल, धर्मशाला इत्यादि के निर्माण पूर्ण होने पर
09- अग्रश्री गौ सेवा पुरस्कार- गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर
10- अग्रश्री रत्न पुरस्कार-राजनैतिक क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करने पर
11- अग्रश्री जीनियस पुरस्कार-शिक्षा या समकक्ष क्षेत्र गोल्ड मेडलिस्ट
12- अग्रश्री पर्यावरणविद पुरस्कार-पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर
13- श्री अग्रसेन माधवी पुरस्कार-महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर
14- अग्रश्री सेवा दूत पुरस्कार- समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों पर
15- अग्रश्री पर्वतारोही पुरस्कार- पर्वतारोहण के क्षेत्र में गौरव हासिल करने पर
16- अग्रश्री शिक्षा भूषण पुरस्कार CBSE/ISC में श्रेष्ठ को
17- अग्रश्री संस्कृति दूत पुरस्कार-संगीत, कला, नृत्य एवं संस्कृति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर
18- अग्रश्री अप्रवासी भारतीय गौरव पुरुस्कार- भारत से बाहर विदेशों में रहकर समाज के कामों को सक्रियता से गति देने वाले लोगों के लिए
19- अग्रश्री बाल गौरव पुरस्कार- अग्रकुल के बच्चों में छुपी हुईप्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने हेतु
20- अग्रश्री अलंकरण पुरस्कार-सर्वश्रेष्ठ सामाजिक प्रकाशन, पत्रिका, खोजी पत्रकारिता या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए
21- अग्रश्री संस्था पुरस्कार-उत्कृष्ट कार्यों एवम सर्ि यता से अग्रवाल संस्था के रूप में अपनी पहचान बनाने पर
22- अग्रश्री धनवंतरी पुरस्कार- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अमूल्य सेवाओं के लिए
23- अग्रश्री खेल रत्न पुरस्कार-खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित करने पर
24- अग्रश्री विलक्षण प्रतिभा पुरस्कार- अग्रकुल के बच्चों में अद्वितीय प्रतिभा प्रदर्शन हेतु
25- अग्रश्री दिव्यांग सेवा पुरुस्कार- सर्व वर्ग के दिव्यांगों के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को
26- अग्रश्री रक्त वीर पुरस्कार-रक्तदान के क्षेत्र में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले रक्तबीर को
27- अग्रश्री लाला लाजपत राय पुरस्कार- सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी पहचान स्थापित करने वाले सदस्य को
28- अग्रश्री दूत पुरुस्कार-भगवान अग्रसेन जी के मंदिर निर्माण हेतु संस्थाओं, परिवारों या की व्यक्तिगत
29- अग्रश्री बहुमुखी प्रतिभा पुरस्कार- बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए (समाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, व्यापार एवं उद्योग) में सक्रिय योगदान के लिए
30- अग्रश्री श्रेष्ठ पुरुस्कार - राष्ट्रीय स्तर पर विगत 10 वर्षों से वैवाहिक परिचय सम्मेलनों का सफल आयोजन कर अग्रणी भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्थाओ को
31- अग्रश्री विज्ञान रत्न पुरस्कार-विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सफ़लता अर्जित करने वाले समाज के सदस्य को
32-सेठ जमना लाल बजाज पुरुस्कार... राजस्थानी भाषा को आठवीं सूची में शामिल करवाने हेतु सतत प्रयासरत राष्ट्रीय स्तर की सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्थाओं को।

अंतर्राष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2024 कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज का एक बड़ा आयोजन होगा, जिसमे समाज की बहुमुखी प्रतिभाओं से विधिवत आवेदन उनकी उपल्वधियो एवं सफलता को लेकर आमंत्रित किए जायेंगे यह पुरस्कार 32 अलग अलग क्षेत्रों में अग्रवाल समाज के सभी वर्गों के लिए होगा। जिसमे समाज के अंतिम छोर का व्यक्ति भी इस सम्मान के लिए पात्र होगा उपरोक्त समस्त पुरस्कारों के लिए संबंधित क्षेत्र के व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा पर आवेदन कर (उपलब्धि अवधि.. दिनांक 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक) उपरोक्त क्षेत्र से संबंधित जानकारियां, फोटोग्राफ, पेपर कटिंग, एवम वीडियो निर्धारित अवधि तक आयोजन के संयोजक या की केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता में भेजना अनिवार्य होगा एवं पुरस्कारों का चयन संस्था द्वारा निर्धारित चयन समिति करेगी एवं चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

संबंधित पुरस्कार हेतु चयनित होने वाले संस्था या व्यक्ति को 8 जून को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल, कोलकाता में आयोजित सम्मान समारोह में स्वयं उपस्थित होकर सम्मान ग्रहण करना होगा, आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 30 अप्रैल के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन स्पीड पोस्ट, कोरियर, ईमेल एवं व्हाट्सएप पर प्रेषित किया जा सकता है, तथा उपरोक्त समस्त माध्यमों से प्रेषित किए जाने वाले आवेदन हेतु कांटेक्ट नंबर निर्धारित प्रोफार्मा में दर्शित है। अधिक जानकारी के लिए केंद्रीय मुख्यालय-अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, 18 राजेंद्र नाथ मुखर्जी रोड, 2 तल्ला, कोलकाता, 70000 पश्चिम बंगाल एवं मो. 9378196678 पर संपर्क किया जा सकता है।



### राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर पुलिस मुख्यालय में औपचारिक कार्यक्रम

# राजस्थान पुलिस ने कानून व्यवस्था में अविस्मरणीय योगदान दिया-साहू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने राजस्थान पुलिस की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के पुलिस जवानों और अधिकारियों के साथ प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। डीजीपी साहू मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि राजस्थान पुलिस ने अपनी 75 वर्षों की गौरवमयी यात्रा में प्रदेश में कानून व व्यवस्था, शांति, आपसी प्रेम और भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया है। राजस्थान पुलिस को इस मुकाम तक पहुंचाने में एक से बढ़कर एक जांबाज अधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही है। इसके लिए मौजूदा पुलिस फोर्स के साथ ही सभी पूर्व पुलिस अधिकारी और सेवानिवृत पुलिसकर्मी अभिवादन और प्रशंसा के पात्र हैं।



#### अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

डीजीपी ने राजस्थान पुलिस के अमर शहीदों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए पूरे पुलिस परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य के पथ पर अडिग रहते हर प्रकार की चुनौतियों से लोहा लेते हुए अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से जनसेवा की मिसाल कायम की है।

#### आमजन पुलिस से नि: संकोच सम्पर्क करे

साहू ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि आज प्रदेश के पुलिस बेड़े में शामिल करीब 1 लाख पुलिसकर्मी और अधिकारी आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' के ध्येय वाक्य को जेहन में रखकर तत्परता से कार्य कर रहे हैं। आम नागरिक पुलिस से किसी भी प्रकार की सहायता या मदद की आवश्यकता होने पर निः संकोच होकर थानों, पुलिस चौकियों या उच्चस्थ पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों में सम्पर्क करें।

#### अधिक सजगता एवं सर्तकता से दायित्व निर्वहन का संकल्प लें

*डीजीपी ने आह्वान किया कि राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के खास मौके पर प्रदेश पुलिस बल के जवान और अधिकारी, इस बात का संकल्प लें कि वे आने वाले समय में अधिक सजगता एवं सर्तकता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। वहीं जनमानस में पुलिस की विश्वसनीयता तथा कर्तव्यपरायणता की पहचान को और मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।*

#### बधाई देकर किया खुशी का इजहार

पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस औपचारिक कार्यक्रम में मौजूद राजस्थान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक दूसरे को पुलिस दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर एडीजी और आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# BJP का वादा, 70 के ऊपर वाले सभी लोगों को आयुष्मान, फ्री राशन जारी


संकल्प पत्र जारी करने के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीएम नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा

## बीजेपी का संकल्प पत्र आया, UCC और एक देश एक चुनाव का भी वादा

“ सुनिश्चित करेंगे, गरीब की थाली पोषणयुक्त और उसके मन को संतोष देने वाली हो। पेट भी भरे, मन भी भरे और जेब भी भरी रहे। -नरेंद्र मोदी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली :** बीजेपी ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। संकल्प पत्र जारी करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।

संकल्प पत्र की टैग लाइन है- मोदी की गारंटी। मोदी ने कहा कहा कि हम वन नेशन वन इलेक्शन को साकार करेंगे। यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी बीजेपी देशहित में जरूरी समझती है। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती रहेगी। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को आयुष्मान के दायरे में लाया जाएगा, चाहे वे किसी भी वर्ग के हों। ट्रांसजेंडर को भी इस योजना में लाएंगे। तीन करोड़ और घर बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए काम करेंगे। तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। महिला खिलाड़ियों को खेलो में आगे बढ़ने के लिए सुविधाएं देंगे। सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति के लिए अभियान चलाएंगे। मोदी ने कहा कि 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाएगी। संत तिरुवल्लुवर कल्चर सेंटर का निर्माण करेंगे। सबसे पुरानी भाषा तमिल इस देश का गौरव है। » पेज 9

### सत्ता में वापसी पर ये काम भी

- 70+ बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा, चाहे वे किसी भी वर्ग के हों।
- जन औषधि केंद्रों में 80% डिस्काउंट के साथ दवाइयां मिलती रहेंगी। पार्टी ने कहा, इसका विस्तार भी करेंगे।
- वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार होगा। इसके तीन मॉडल चलेंगे- वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयर कार, वंदे भारत मेट्रो।
- पेपर लीक अलग अलग राज्यों में बड़ा मुद्दा रहा है। बीजेपी ने कहा कि पेपर लीक नियंत्रण के लिए कानून लागू करेंगे।
- अब तक मुद्रा योजना के तहत लोन सीमा 10 लाख थी। इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का वादा किया है।

**लोकसभा आम चुनाव- 2024: दोनों निर्वाचन क्षेत्र में कुल 67 मतदाता निधन एवं 137 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण नहीं कर पाए मतदान**

# जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में 96 एवं जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में 97% मतदान

**चौमूं में 98 एवं बस्सी और चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 96 फीसदी से ज्यादा हुआ मतदान**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए होम वोटिंग के तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 96.78 फीसदी एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट में 97.81 फीसदी 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में 7 हजार 601 में कुल 7 हजार 397 मतदाताओं ने होम वोटिंग के तहत मतदान किया। वहीं, दोनों निर्वाचन क्षेत्र में कुल 67 मतदाता निधन होने के कारण एवं 137 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण होम वोटिंग के तहत मतदान नहीं कर पाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 3 हजार 632 मतदाताओं में से 3 हजार 515 मतदाताओं ने अपने घर से मतातधिकार का प्रयोग किया। वहीं, 34 मतदाता निधन होने से एवं 83 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 300 में 288, विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र में 384 में से 373, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 609 में से 587, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 400 में से 387, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 380 में से 358, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 685 में से 672, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 480 में से 463 एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र में 394 में से 387 मतदाताओं ने अपने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 3 हजार 969 मतदाताओं में से 3 हजार 882 मतदाताओं ने अपने घर से मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, 33 मतदाता निधन होने से एवं 54 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।

उन्होंने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 612 में 600, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 288 में से 284, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 595 में से 578, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 632 में से 617, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 988 में से 961, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 199 में से 194, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 496 में से 489 एवं बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 159 में से 159 मतदाताओं ने अपने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं, दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 643 में से 632 मतदाताओं ने मतदान किया। बस्सी में 6 मतदाता निधन होने से एवं 5 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 257 में से 247 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चाकसू में 6 मतदाता निधन एवं 6 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।

वहीं, सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 526 में से 508 होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं ने अपने घर से ही मताधिकार करने की सुविधा का लाभ उठाया। चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 12 मतदाता निधन एवं 6 मतदाता घर पर अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।



**विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने की राज्यपाल से मुलाकात**

# राज्यपाल को नव वर्ष की डायरी भेंट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजभवन पहुंच कर मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। देवनानी ने राज्यपाल को विधानसभा द्वारा प्रकाशित नव वर्ष की वार्षिक डायरी भेंट की। उन्होंने बताया कि राजस्थान विस ने इस बार भारतीय नव वर्ष 2081 की शुरुआत के आलोक में डायरी का प्रकाशन किया है।



# महिला रंगोली एवं महिला रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**तारानगर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चलाए जा रहे सतरंगी सप्ताह के छठे दिन महिलाओं द्वारा महिला रंगोली एवं महिला रैली निकालकर निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान का संदेश दिया। रैली स्थानीय नगरपालिका कार्यालय से रवाना होकर बस स्टेण्ड पहुंची जिसमें स्लोग्न वोट करूंगी तभी तो बढूंगी नारे लगाये गये। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक स्वीप सहप्रभारी छगनलाल छिम्पा, ईएलसी प्रभारी कॉलेज डॉ. अनामिका प्रजापति, अनिता रेडू पीडब्लूडी, सीबीइओ डॉ सुमन जाखड़, रा.उ.मा. विद्यालय की प्रिंसिपल मंजू गोठवाल एवं इन्द्रमणी स्कूल प्रिंसिपल कमलेश, नगरपालिका जेईएन सुनिलदत मण्डार,समस्त शहरी आंगनवाडी सुपरवाइजर एलएस मधूबाला शर्मा, अनिता एवं आशा सहयोगिनी जगदम्बा, ममता आदि एवं नगरपालिका कार्मिक कृष्ण भाम्भू, गोपालराम रेगर, योगेश इन्दौरिया, सुरेन्द्र जांगिड़, यश शर्मा, विकास, सीओ दिनेश दायमा, आदि सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी व महिलाओं ने भाग लिया।

## मतदान केंद्रों वाले विद्यालयों में मतदान दिवस से पूर्व दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जिन विद्यालयों को मतदान केन्द्र बनाया गया है, उन विद्यालयों में मतदान दिवस से पूर्व दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल एवं द्वितीय चरण की मतदान तिथि न 26 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। जयपुर जिले के समस्त विद्यालय जहां मतदान केन्द्र स्थापित किये गए हैं, उन विद्यालयों में मतदान संबंधी कार्यों हेतु मतदान दिवस से पूर्व दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल, विघाधर नगर, सिविल लाइन्स, किशनपोल, आदर्श नगर, मालवीय नगर, सांगानेर एवं बगरू विस क्षेत्र, जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में समाहित कोटपूतली, विराटनगर, शाहपुरा, फुलेरा, झोटवाड़ा, आमेर एवं जमवारामगढ़ विस क्षेत्र, दौसा लोकसभा क्षेत्र में समाहित बस्सी एवं चाकसू विस क्षेत्र के साथ साथ सीकर लोकसभा क्षेत्र में समाहित चौमूं विस की उन समस्त विद्यालयों में जहां मतदान केन्द्र स्थापित किये गए हैं वहां गुरुवार, 18 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## लग्नों की धूम के बीच बाजार में ग्राहकों की रेलमपेल

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** मल मास की समाप्ति के बाद शुक्र तारा उदय होने के साथ ही 18 व 23 अप्रैल के लग्नों की बहुतायात के साथ इन दिनों जिला मुख्यालय के बाजारों में वैवाहिक आयोजकों की खरीददारी के लिए रेलमपेल मची हुई है, विशेषकर वस्त्राभूषण, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक आईटम सहित श्रृंगार प्रसाधनों की दुकानों पर खासी भीड़ उमड़ रही है। जिसके फलस्वरूप व्यापारियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में महिला-पुरूषों की पसंद की खरीददारी के लिए कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर भीड़ भी देखने को मिल रही है वहीं विवाह समारोह में भाग लेने वाली महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर्स पर भी वेटिंग के हालात हैं। इन दिनों मेंहदी लगाने और ब्यूटी पार्लर के लिए मूंह मांगे पैसे देने पड़ रहे हैं वहीं बाजार में शादियों की बूम के चलते जमकर खरीददारी का ये महौल इस माह में बरकरार रहने की उम्मीद है।

## चैत्र नवरात्र अष्टमी पर शक्तिपीठों पर हुए विशेष हवन, अनुष्ठान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिले के प्रमुख शक्तिपीठों पर चैत्रीय नवरात्र महोत्सव पर मंगलवार को अष्टमी पर हवन सहित विभिन्न अनुष्ठान हुए। दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर में नवरात्रा में अष्टमी पर एकलिंग नाथ ट्रस्ट की ओर से महंत रामनारायण पुरी के निर्देशन में हवन हुआ। भौर वेला में ही सैकड़ों की संख्या में भक्त मंदिर में दर्शनों के लिए पहुंच गए जो ₹ म रात तक चलता रहा। भक्त पदयात्रा करते हुए पहुंचे। नवमी पर मंदिर कमेटी की ओर से हवन होगा। मंदिर में दर्शनों के लिए मंदिर में विशेष प्रबंध किए गए। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाकर रात्रि में विशेष विद्युत सजावट की गई है। दुर्ग पर स्थित बाण माता मंदिर, तुलजा भवानी मंदिर में भी अनुष्ठान हुए। झांतला माताजी के अलावा प्रसिद्ध शक्तिपीठ जोगणियामाताजी, असावरा माता, मरमी माता, लालबाई फूलबाई माता, सगरा माताजी, एलवा माता, अंबा माता, भूखी माता आदि शक्तीपीठों पर अनुष्ठान हुए।

## कमलेश की बनी यूपीएससी में 653वीं रैंक

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** संघ लोकसेवा आयोग ने सिविल सर्विसेज परीक्षा के मंगलवार को जारी परिणाम में चित्तौड़गढ जिले के पारसोली क्षेत्र के बरनियास निवासी कमलेश कुमावत को ऑल इंडिया में 653वीं रैंक मिली जिससे उनके घर में खुशी का माहौल है। कमलेश पूर्व में एक ही बार सीए की परीक्षा पास कर चार्टेड अकाउन्टेड बन चुके थे लेकिन उनका सपना संघ लोक सेवा आयोग का होने से दिल्ली में पिछले तीन साल से इसकी तैयारी कर रहे थे जिसमें वे सफल साबित हुए और आज उनका सपना साकार हो गया। हालांकि कमलेश आज दिल्ली में हैं, लेकिन उनके घर में खुशी का माहौल है।

# एक लाख किलो से अधिक अफीम गाजीपुर फैक्ट्री रवाना

**कड़ी सुरक्षा के साथ ट्रेन को किया रवाना**



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** नारकोटिक्स विभाग द्वारा जिले में बनाए गए सभी तीन खंडों में अफीम खरीद का कार्य शनिवार को समाप्त हो गया। विभाग को तीनों खंडों में के 13 हजार 908 किसानों ने 1 लाख 12 हजार 915 किलो 450 ग्राम अफीम देकर 17 करोड़ 13 लाख 44 हजार 100 रुपये का भुगतान प्राप्त किया।

नारकोटिक्स विभाग द्वारा चित्तौड़गढ़ के तृतीय खंड में शामिल 237 गांवों के 4 हजार 583 किसानों की करीब 36 हजार किलो अफीम नीमच फैक्ट्री भेजी गई है। वहीं मंगलवार को चित्तौड़गढ़ के प्रथम व द्वितीय खंड के साथ ही भीलवाड़ा क्षेत्र के किसानों की कुल 1 लाख 19 हजार 145 किलो अफीम विशेष रेलवे रैक से कड़ी सुरक्षा के बीच गाजीपुर अफीम फैक्ट्री के लिए रवाना की गई। जिला अफीम अधिकारी प्रथम अजय शंखवार ने बताया कि मंगलवार को विशेष ट्रेन से प्रथम खंड के 4 हजार 984 किसानों की 40 हजार 712 किलो 110 ग्राम तथा धोई की 10 किलो 220 ग्राम सहित कुल 40 हजार 722 किलो 330 ग्राम अफीम गाजीपुर भेजी गई है। इसी क्रम में जिला अफीम अधिकारी द्वितीय खंड अमर सिंह कनौजिया ने बताया कि 187 गांवों के 4 हजार 341 किसानों से तोली गई 36 हजार 087 किलो 87 ग्राम अफीम और धोई के 6 किलो 990 ग्राम सहित कुल 36 हजार 094 किलो 410 ग्राम अफीम भेजी गई है।

इसी क्रम में अफीम लेकर गाजीपुर जा रहे रेल रैक के इंचार्ज अनिल कुमार कैमल ने बताया भीलवाड़ा क्षेत्र से 5 हजार 391 कंटेनरों में भरी 42 हजार 289 किलो 580 ग्राम अफीम के साथ ही एक कंटेनर में धोई की 38 किलो 830 ग्राम अफीम सहित कुल 42 हजार 328 किलो 410 ग्राम अफीम गाजीपुर के लिए रवाना हुई। इस दौरान नारकोटिक्स विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ही कई श्रमिकों के मौजूद होने से गहमा गहमी का माहौल रहा। इसी तरह चन्देरिया स्टेशन पर भी अफीम लोड होने के दौरान कई अधिकरी व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। अफीम का तोल पूर्ण होने के बाद ट्रेन के गाजीपुर रवाना होने पर विभाग के स्थानीय अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। नारकोटिक्स विभाग द्वारा शीघ्र सीपीएस पद्धति के तहत अफीम डोडों की खरीद शुरु की जाएगी।




ANCHOR कार्यक्रम

# पुलिस स्थापना दिवस हमें गर्व की अनुभूति प्रदान करता है-पुलिस अधीक्षक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मंगलवार को पुलिस लाइन में हर्षोल्लास से मनाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मद्देनजर औपचारिक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी सहित जिले के कई पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की संपर्क सभा कर संवाद किया गया। राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस पर आयोजित औपचारिक कार्यर₹ म में पुलिस अधीक्षक जोशी ने पुलिस लाईन में सम्पर्क सभा के माध्यम से पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से संवाद करते हुए राजस्थान पुलिस दिवस पर मौजूद पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। एएसपी परबत सिंह ने राजस्थान के महानिदेशक पुलिस द्वारा भेजा गया संदेश पढ़ा। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष राजस्थान में पुलिस के समस्त विभागों द्वारा 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जाता है। 16 अप्रैल 1949 को सभी रियासतों की पुलिस ने विलीनीकरण करके राजस्थान पुलिस की स्थापना की थी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक जोशी ने पुलिस कर्मियों को मजबूत, दृढ़ व विनम्र रह कर अपना कर्तव्य निभाने का मूल मंत्र दिया। उन्होंने अपने इरादे मजबूत रखते हुए निर्वाचन के दौरान निष्पक्ष कर्तव्य निर्वहन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक जोशी ने पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि राजस्थान पुलिस अपनी गौरवशाली परंपराओं के अनुरूप कानून व्यवस्था शांति एवं सद्भाव को बनाए रखने के साथ हिंसा और अपराध की रोकथाम के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। पुलिस के जवानों ने नागरिकों की जान माल की सुरक्षा के लिए अनेक अवसरों पर त्याग एवं बलिदान के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। पुलिस की कार्य प्रणाली में निरंतर सुधार लाने के साथ ही आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य कर पुलिस और निरंतर जनमित्र की भूमिका निभाने के लिए तत्पर है।